निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2012-13

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक बोर्ड की 51वीं वार्षिक रिपोर्ट

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए

तुलन पत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष रूप से
ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के माध्यम से
बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके
वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी निक्षेप बीमा प्रदाता के
रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की
आवश्यकताओं के प्रति
संवेदनशील हो।

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
1.	प्रेषण पत्र	iv-v
2.	निदेशक बोर्ड	vi
3.	संगठन तालिका	vii
4.	निगम में संपर्क सूत्र	viii
5.	निगम के प्रमुख अधिकारी	ix
6.	संक्षेपाक्षर	x-xi
7.	विशेषताएं	xii-xiv
8.	निबीप्रगानि का विहंगावलोकन	1-5
9.	प्रबंध चर्चा और विश्लेषण	6-16
10.	निदेशकों की रिपोर्ट	17-28
11.	निदेशकों की रिपोर्ट के सबंध में संलग्नक	29-53
12.	लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	55
13.	तुलन-पत्र और लेखे	56-68

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)

निबीप्रगानि/सवि/ 1842 /01.01.016/2013-14 21 जून, 2013

प्रेषण पत्र
(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई - 400 001

महोदय,

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको शीघ्र प्रेषित की जाएंगी।

भवदीया,

कुमुदिनी हाजरा

(कुमुदिनी हाजरा)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)

निबीप्रगानि/सवि/ 1843 /01.01.016/2013-14 21 जून, 2013

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

सचिव,
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
(बैंकिंग प्रभाग)
जीवन दीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. उल्लिखित सामग्री (अर्थात् तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) की प्रतियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं। उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियाँ भी इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

3. कृपया उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अंतर्गत संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोकसभा और राज्यसभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की तारीख / तारीखें सूचित करें। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथा शीघ्र प्रेषित की जाएंगी।

भवदीया,

कुमुदिनी हाजरा

(कुमुदिनी हाजरा)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक मंडल

अध्यक्ष

डॉ. ऊर्जित आर. पटेल **उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (18.01.2013 से)

निदेशक

श्री जसबीर सिंह **कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (21.09.2012 से)
डॉ. शशांक सक्सेना **निदेशक, वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.06.2008 से)
डॉ. प्रकाश बक्शी **अध्यक्ष,** **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (19.08.2011 से)
श्री बी.एल.पटवर्धन **परामर्शदाता,** **सारस्वत कोआपरेटिव बैंक लि.**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.10.2011 से)
श्री कमलेश विकमसे **सनदी लेखाकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (05.09.2011 से)
श्री जी.शिवकुमार **प्रोफेसर, आईआईटी, मुंबई**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (20.09.2011 से)

संगठन तालिका


अध्यक्ष
निदेशक मंडल
सांविधिक लेखापरीक्षक
लेखापरीक्षा समिति
कार्यपालक निदेशक
अभिशासन
परामर्शदाता
निदेशक
उप महाप्रबंधक (टीबीओ / टीडीआर)
सचिव विभाग (सवि)
अनुसंधान, नीति और सूचना कक्ष (अनिसूक)
महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
परिचालन
बैंक ऑफिस
सेवाएं
बैंक पंजीकरण कक्ष (बीआरसी)
बीमा परिचालन विभाग (आईओडी)
दावा निपटान विभाग (सीएसडी)
वसूली प्रबंध कक्ष (आरएमसी)
ट्रेझरी डीलिंग रूम (टीडीआर)
लेखा और कराधान विभाग (डीएटी)
ट्रेझरी बॅक ऑफीस (टीबीओ)
मानव संसाधन और प्रबंध विभाग (मासंप्रवि)
सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी)
परियोजना प्रबंध कक्ष (पीएमसी)
विधि कक्ष
राजभाषा कक्ष

निगम में संपर्क सूत्र

फैक्स सं. **022 - 2301 5662**
022 - 2301 8165

तार **CREDITGUARD**

टेलीफोन संख्या

022-2308 4121	सामान्य
022-2306 2161	प्रीमियम
022-2306 2162	दावे
022-2301 9570	सूअअ
022-2302 1150	ग्राहक देखरेख कक्ष

प्रधान कार्यालय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
भारतीय रिज़र्व बैंक,
दूसरी मंज़िल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने,
भायखला, मुंबई – 400 008.
भारत

(i)	कार्यपालक निदेशक	022-2301 9460
(ii)	महाप्रबंधक	022-2301 9645
(iii)	निदेशक	022-2301 9570
(iv)	महाप्रबंधक	022-2301 8840
(v)	महाप्रबंधक	022-2302 1150
(vi)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1149
(vii)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1146
(viii)	उप महाप्रबंधक	022-2301 9792

ईमेल : dicgc@rbi.org.in
वेबसाईट : www.dicgc.org.in

निगम के प्रमुख अधिकारी

कार्यपालक निदेशक

श्री जसबीर सिंह

परामर्शदाता

श्रीमती जया मोहंती

महाप्रबंधक

श्री एम.के.सामंतरे

श्री राजेश कुमार

श्रीमती मोलिना चौधरी

श्रीमती प्रतिभा राघवन

सचिव और निदेशक

श्रीमती कुमुदिनी हाजरा

उप महाप्रबंधक

श्री द्विजराज सेठी

श्री एम.कृपानन्दम

श्री वी.के.मौर्य

मुख्य लोक सूचना अधिकारी

श्रीमती कुमुदिनी हाजरा

बैंकर

भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

कर परामर्शदाता

मेसर्स पी.सी.घड़ियाली एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार

206, अरुण चेंबर्स, ताड़देव
मुंबई - 400 034

लेखा परीक्षक

मेसर्स सारडा एंड पारीक
सनदी लेखाकार

महाबीर अपार्टमेंट, तीसरी मंजिल,
598, एम.जी.रोड, सनसिटी सिनेमा के पास,
विले पार्ले (पूर्व)
मुंबई - 400 057

बीमांकक

मेसर्स के.ए.पंडित
परामर्शदाता और बीमांकक

दूसरी मंज़िल, चर्चगेट हाउस,
वीर नरीमन रोड, फोर्ट,
मुंबई - 400 001

संक्षेपाक्षर

एएमसी	:	आस्ति प्रबंधन कंपनी
एपीआरसी	:	एशिया पैसिफिक रीजनल कमेटी
एएस	:	लेखांकन मानक
बीसीबीएस	:	बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति
बी.आर.एक्ट	:	बैंकिंग विनियमन अधिनियम
सीए	:	सनदी लेखाकर
सीबीएस	:	कोर बैंकिंग सिस्टम
सीईओ	:	मुख्य कार्यपालक अधिकारी
सीएफएसए	:	वित्तीय क्षेत्र निर्धारण समिति
सीएसटीएटी	:	सीमाशुल्क उत्पाद और सेवाकर अपीलीय न्यायाधिकरण
सीजीसीआई	:	क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन आफ इंडिया लि.
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीजीओ	:	ऋण गारंटी संगठन
सीआरआर	:	नकदी आरक्षित अनुपात
सीएसएए	:	नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा
डीसीसीबी	:	जिला केंद्रीय सहकारी बैंक
डीएफआई	:	विकास वित्तीय संस्था
डीआईसी	:	निक्षेप बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
डी-एसआईबी	:	घरेलू प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंक
एफसी	:	वित्तीय समूह
एफएचसी	:	वित्तीय धारिता कंपनी
एफआई	:	वित्तीय संस्थान
एफआईएमएमडीए	:	भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार तथा व्युत्पन्न (डेरीवेटिव्स) संघ
एफएमआई	:	वित्तीय बाजार संबंधी बुनियादी ढ़ाँचा
एफएसबी	:	वित्तीय स्थिरता बोर्ड
एफएसडीसी	:	वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
एफएसएलआरसी	:	वित्तीय क्षेत्र विधाई सुधार आयोग
जीएएपी	:	सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीओआई	:	भारत सरकार
जी-एसआईबी	:	वैश्विक रूप से प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंक
जी-एसआईएफआई	:	वैश्विक रूप से प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान

आईएडीआई	:	इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ डिपाजिट इंश्योरर्स
आईसीएआई	:	इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया
आईएफआर	:	निवेश उच्चावचन रिज़र्व
आईआर	:	निवेश रिज़र्व
आईआरडीए	:	बीमा विनियामक और विकास प्राधिकारी
आईआरएफ	:	अंतर-विनियामक फोरम
आईटी	:	सूचना तकनीकी
केए	:	प्रमुख विशेषताएं
एलएबी	:	स्थानीय क्षेत्र बैंक
एलटीयू	:	बड़े आयकरदाता इकाई
एमओयू	:	समझौता ज्ञापन
नाबार्ड	:	राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
एनबीएफसी	:	गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी
एनबीएफसी (डी)	:	गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (जमाराशि स्वीकार करने वाली)
एनईएफटी	:	राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण
पीएफआरडीए	:	पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकारी
पीएसबी	:	सरकारी क्षेत्र के बैंक
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के पंजीयक
आरआर	:	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरआरपी	:	वसूली और समाधान योजना
एसबीआई	:	भारतीय स्टेट बैंक
एससी	:	अनुसूचित जाति
एसईबीआई	:	भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
एसआईएफआई	:	प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान
एसएलजीएस	:	लघु ऋण गारंटी योजना
एसएलआर	:	सांविधिक चलनिधि अनुपात
एसएल (एसएसआई) जीएस	:	लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना
एसटी	:	अनुसूचित जनजाति
एसटीसीबी	:	राज्य सहकारी बैंक
टीएएफसीयूबी	:	शहरी सहकारी बैंकों के लिए कार्यबल
यूसीबी	:	शहरी सहकारी बैंक
यूके	:	यूनाइटेड किंगडम
यूएसए	:	संयुक्त राज्य अमेरिका
यूटी	:	केंद्रशासित प्रदेश

विशेषताएं - I : निक्षेप बीमा एक नज़र में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में	1962	1972	1982	1992-93	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
1 **पूँजी** *	0.01	0.02	0.15	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50
2 **निक्षेप बीमा**																					
(i) निक्षेप बीमा निधि **	0.01	0.25	1.54	3.12	2.99	20.22	31.07	33.10	37.06	42.50	55.14	59.08	78.18	91.03	109.79	133.62	161.55	201.52	247.04	300.93	361.20
(ii) बीमाकृत बैंक (संख्या में)	276	476	1683	1931	2296	2438	2583	2676	2728	2715	2629	2595	2547	2531	2392	2356	2307	2249	2217	2199	2167
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ @	18.95	74.58	423.60	2443.75	4506.74	4923.80	6099.62	7040.68	8062.60	9687.52	12131.63	13182.68	16198.15	17909.19	23443.51	29847.99	33985.65	45879.67	49524.27	57674.00	66210.60
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ @	4.48	46.56	317.74	1645.27	3376.71	3705.31	4396.09	4985.58	5724.34	6740.51	8288.85	8709.40	9913.65	10529.88	13725.97	18050.81	19089.51	16823.97	17358.00	19043.00	21583.65
(v) कुल खातों की संख्या (मिलियन में)	7.7	34.1	159.8	354.3	435.1	410.9	464.2	441.7	446.2	481.7	600.2	544.0	649.5	537.3	716.9	1038.9	1348.9	1423.9	1051.6	1073.0	1481.75
(vi) पूर्णत: संरक्षित खाते (मिलियन में)	6.0	32.8	158.1	339.5	427.3	371.3	454.4	430.2	432.5	464.5	578.2	518.9	619.5	505.5	682.9	961.7	1204.0	1266.9	976.9	996.0	1393.08
(vii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे	–	0.01	0.03	1.78	1.94	1.96	2.09	2.25	2.62	6.77	8.63	10.44	14.85	20.50	25.94	27.55	29.84	36.38	40.17	43.05	45.05

* निगम की सामान्य निधि के तहत है।

** बीमांकिक और अधिशेष दोनों राशियाँ शामिल हैं।

@ 2009-10 से नए रिपोर्टिंग फार्मेट के अनुसार आकड़े दिए गए हैं।

विशेषताएं - II : ऋण गारंटी एक नजर में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में	1962	1972	1982	1992-93	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
ऋण गारंटी																						
(i) ऋण गारंटी निधि *	–	–	0.89	9.07	17.75	29.26	6.79	7.58	11.88	11.33	12.62	13.93	15.11	2.50	3.45	3.49	3.67	3.85	2.98	3.10	3.00	3.25
(ii) गारंटीकृत अग्रिम																						
क) छोटे उधारकर्ता	–	2.08	48.40	263.48	172.61	39.39	32.41	2.78	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.
ख) लघु उद्योग	–	–	38.22	155.03	112.71	33.76	28.13	0.39	0.05	0.01	0.01	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.
(iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए)																						
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.25	8.83	18.41	18.42	1.84	2.18	2.19	0.22	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.30	2.60	5.24	2.70	1.20	0.34	0.26	0.14	0.01	0.00	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(iv) निपटाए गए दावे (वर्ष के दौरान)																						
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.15	5.66	10.31	4.03	4.01	11.88	11.95	1.71	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.27	2.43	3.08	2.91	2.21	2.25	1.39	0.54	0.05	0.01	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–

* बीमांकिक और अधिशेष दोनों शामिल हैं।

ला.न. : योजनाओं के अंतर्गत एक भी ऋण संस्था सहभागी न होने के कारण लागू नहीं।

परिचालनगत विशेषताएं - III : (निक्षेप बीमा)

(₹ बिलियन में)

विवरण	2012-13	2011-12	2010-11	2009-10	2008-09	2007-08
राजस्व विवरण						
प्रीमियम आय	57.18	56.40	48.44	41.55	34.53	28.44
निवेश आय	27.68	23.53	18.01	15.13	12.89	11.45
निवल दावे	4.20	3.57	1.71	4.07	9.09	1.80
कर पूर्व राजस्व अधिशेष	86.27	60.01	61.45	37.53	39.73	37.43
करोत्तर राजस्व अधिशेष	58.27	40.54	41.32	28.93	26.89	22.51
तुलन पत्र						
निधि शेष (बीमांकिक)	52.65	47.68	37.74	32.75	18.17	15.53
निधि अधिशेष	308.55	253.25	209.30	168.77	143.39	118.09
दावे संबंधी बकाया देयताएं	9.05	6.89	6.03	7.64	10.75	4.88
निष्पादन मैट्रिक्स						
1. दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बीच औसत दिन @	27	52	49	54	43	53
2. बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावों (प्रथम दावा) @ के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या	410	533	388	361	825	604
3. कुल कारोबार (प्रीमियम आय) के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत	0.25	0.27	0.35	0.26	0.30	0.33
(इसमें से: कुल प्रीमियम आय की तूलना में कर्मचारी लागत का प्रतिशत)	(0.13)	(0.14)	(0.15)	(0.14)	(0.16)	(0.17)

@ मामले से संबंधित राशि की स्वीकृति की तुलना में दिनों की संख्या के आधार पर औसत दिनों की वास्तविक संख्या निकाली गई है।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम का विहंगावलोकन

(1) परिचय

निबीप्रगानि के कार्य "निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961" (निबीप्रगानि अधिनियम) और उक्त अधिनियम की धारा 50 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किए गए "निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961" के प्रावधानों के जरिए नियंत्रित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही है, अत: निगम ऐसी किसी योजना का संचालन नहीं कर रहा है और निक्षेप बीमा ही इसका प्रधान कार्य है।

(2) इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार जमा राशियों का बीमा करने का विचार बैंक के सामने आया। इसके एक वर्ष बाद 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ। परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को रोके रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत रिज़र्व बैंक तथा केंद्र सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में गंभीर विचार प्रस्तुत किए। 21 अगस्त, 1961 को संसद में निक्षेप बीमा निगम (डीआईसी) बिल लाया गया। इसके पारित होने के उपरांत 7 दिसंबर, 1961 को इस बिल को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई और निक्षेप बीमा अधिनियम 1961 दिनांक 1 जनवरी, 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा सुरक्षा (कवर) कार्यरत सभी वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं तथा वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया और निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत "पात्र सहकारी बैंकों" का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करके भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (11ए)(ए) के अंतर्गत केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान (सीजीओ) का नाम दिया गया, जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को स्वीकृत किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च, 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी, 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया, जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। सीजीसीआई द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य अबतक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारिबैं द्वारा परिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं *जैसे* : निक्षेप बीमा निगम और क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई, 1978 को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद 1 अप्रैल, 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत ऋण के लिए भी गारंटी सपोर्ट प्रदान करना प्रारंभ

किया। 1 अप्रैल, 1989 से पूरे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया।

(3) संस्थागत कवरेज

(i) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी **वाणिज्य बैंक**, स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

(ii) निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 2(जीजी) में यथापरिभाषित सभी पात्र **सहकारी बैंकों** को निक्षेप बीमा योजना के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों में कार्य कर रहे सभी राज्य, केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक, जिन्होंने निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की अपेक्षानुसार रिज़र्व बैंक को यह अधिकार देने के लिए अपने सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया है कि वह राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों की समितियों के रजिस्ट्रार को आदेश दे सके कि किसी सहकारी बैंक का समापन कर दे अथवा इसके प्रबंध समिति को अधिक्रमित करे और रजिस्ट्रार से अपेक्षित कर सके कि वह रिज़र्व बैंक से लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुन:निर्माण के लिए कोई कार्रवाई न करे, पात्र सहकारी बैंक समझे जाते हैं। वर्तमान में सभी सहकारी बैंक इस योजना में शामिल हैं। केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप तथा दादरा एवं नगर हवेली में कोई भी सहकारी बैंक नहीं है।

(4) बैंकों का पंजीकरण

(i) निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11ए के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आआरबी) से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

(ii) एक नए पात्र सहकारी बैंक से अपेक्षित है कि वह रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं।

(iii) जब किसी प्राथमिक सहकारी समिति की स्वाधिकृत निधियाँ ₹1 लाख हो जाएं तो बैंकिंग कारोबार करने हेतु उसे प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में लाइसेंस के लिए रिज़र्व बैंक में आवेदन करना होगा और लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से 3 महीनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराना होगा।

(iv) निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करनेवाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा लिखित रूप में यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर लिखित रूप में बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं के ब्यौरे अर्थात् निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों के ब्यौरे आदि शामिल होने चाहिए।

(5) बीमा कवरेज

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के मूल प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर 'समान क्षमता और समान अधिकार' में मूलत: ₹1500/- तक सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह भी अधिकार देता है कि वह केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर निम्नानुसार बढ़ाया गया है :

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा
1 मई, 1993	₹ 1,00,000/-
1 जुलाई, 1980	₹ 30,000/-
1 जनवरी, 1976	₹ 20,000/-
1 अप्रैल, 1970	₹ 10,000/-
1 जनवरी, 1968	₹ 5,000/-

(6) सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निबीप्रगानि (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियाँ; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियाँ; (iii) राज्य सहकारी बैंकों में रखी गई राज्य भूमि विकास बैंकों की जमाराशियाँ; (iv) अंतर बैंक जमाराशियाँ; (v) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशि तथा (vi) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त किसी राशि को छोड़कर बचत, मीयादी, चालू, आवर्ती आदि जैसी सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

(7) बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक (छमाही) आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष (छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें। प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है।

₹ 100 की प्रत्येक जमाराशि पर प्रीमियम की दर

तारीख से प्रीमियम	प्रीमियम (₹ में)
1-04-2005	0.10
1-04-2004	0.08
1-07-1993	0.05
1-10-1971	0.04
1-01-1962	0.05

(8) पंजीकरण रद्द करना

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से चालू किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; अथवा स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यत: उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; अथवा इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो; अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता, व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द भी हो सकता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

(9) बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण / जाँच पड़ताल करे /करवाए।

(10) दावों का निपटान

(i) किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात्

लाइसेंस रद्द करने अथवा समापन या परिसमापन की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी समान क्षमता और समान अधिकार में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के साथ पठित 16(3)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

(ii) जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है और इस योजना में इसके लागू होने की तारीख तक पूरी जमाराशि के क्रेडिट के लिए जमाकर्ता पात्र नहीं होते हैं तो निगम पूरी जमाराशि अथवा उस समय लागू बीमा कवर की सीमा में, इसमें से जो भी कम हो और योजना के अंतर्गत वास्तव में उसे प्राप्त होने वाली राशि के बीच के अंतर की राशि अदा करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में समान क्षमता और समान अधिकार में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16 (2) और (3)] निर्धारित किया जाता है।

(iii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा निबीप्रगानि द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को प्रस्तुत की जानी है। (विशिष्ट दावा निपटान प्रक्रिया चार्ट 1 में दी गई है)

(iv) ऐसे बैंक के संबंध में जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन / पुनर्निर्माण आदि जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन / पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख 'निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 18(1)' से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है।

(v) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से अपेक्षित है कि वह अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण / सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले सनदी लेखाकारों के फर्म से करवाता है।

(vi) सामान्यत: निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र राशि का भुगतान अंतरिती / बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी / परिसमापक को करता है। तथापि, अनट्रेसबल जमाकर्ताओं को देय राशि, इसके संबंध में परिसमापक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत करने तक, रोक कर रखी जाएगी।

(11) निपटाए गए दावों की वसूली

निगम सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक, जैसा भी मामला हो, से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि में से व्ययों के लिए प्रावधान करने के उपरांत हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से निबीप्रगानि को चुकौती करें।

(12) निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : अर्थात् (i) निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ); (iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहले दो निधियों का निर्माण क्रमश: बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹500 मिलियन है, जो पूर्णत: रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक का लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस अस्वीकार कर देता है और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और निबीप्रगानि को सूचित करता है।
2. आरसीएस परिसमापित बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा निबीप्रगानि को सूचित करता है।
3. निबीप्रगानि बीमाकृत बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और तीन महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है और रिज़र्व बैंक से दावा सूची का आनसाइट सत्यापन करने के लिए बाह्य लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) नियुक्त करने का अनुरोध करता है।
4. रिज़र्व बैंक सनदी लेखाकार की नियुक्ति करता है और निबीप्रगानि दावा सूची की जाँच करने के लिए सनदी लेखाकार हेतु संक्षिप्त विवरण और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित करता है।
5 परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान करने हेतु दावा सूची प्रस्तुत करता है (साफ्ट और हार्ड कापी दोनों रूप में)।
6. आनसाइट लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) दावा सूची संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।
7. कंप्यूटर के माध्यम से दावा सूची का संसाधन किया जाता है और भुगतान सूची तैयार की जाती है।
8. समेकित भुगतान परिसमापक को जारी किया जाता है और अपूर्ण / संदिग्ध दावों के संबंध में जानकारी मांगी जाती है। निगम की वेबसाइट के जरिए दावा राशि जारी करने की घोषणा की जाती है।
9. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान राशि जारी करता है।

किया जाता है। सभी तीनों निधियों की अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के अंतर्गत निधियों के मध्य निधियों के अंतरण की अनुमति प्राप्त है।

प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के 3 महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाती है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है। सामान्यत: निगम व्यापारिक (मर्केण्टाइल) लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है और 1987 से देयताओं के लिए बीमांकिक मूल्यांकन प्रणाली को अपनाया गया है।

निगम 1987-88 से आयकर और 2005-06 से अनुषंगी लाभ कर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम, 1961 में यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के अंतर्गत किया जाता है। इसके साथही निगम ने सेवाकर संबंधी पंजीकरण करा लिया है और 1 अक्तूबर, 2011 से प्रीमयम आय पर उपचित सेवाकर अदा कर रहा है।

प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

वित्तीय संस्थाओं का समाधान : बदलता परिदृश्य

बैंक समाधान : नवीन अंतर्राष्ट्रीय महत्व और पुनर्विन्यास

वर्ष 2008 की वैश्विक वित्तीय संकट ने यह स्पष्ट कर दिया कि कमजोर और विफल बैंकों और वित्तीय संस्थाओं, जिनका प्रसार संक्रामक रूप से होता है तथा जिनसे जमाकर्ताओं को हानि होती है, को क्रमबद्ध रूप से बाहर करने के लिए प्रभावी बैंक समाधान अपरिहार्य है। इन संकटों ने हमें वित्तीय सुरक्षा नेट की कार्यपद्धति और बैंक पर्यवेक्षकों, समाधान एजेंसियों तथा निक्षेप बीमाकर्ता के मध्य परस्पर बातचीत के लिए पुन: विचार करने का संकेत दिया है। चूँकि छोटी हानि के खतरों से अस्थिरता का दौर आ सकता है, अत: ऐसे आघातों से बचने के लिए एकीकृत नीति की आवश्कता है, ताकि पर्यवेक्षक, विनियामक, ऋणशोधन-अक्षमता और निक्षेप बीमा प्राधिकारी परस्पर सहयोग के माध्यम से तेजी से कार्य सकें। अत: लचीली वित्तीय प्रणाली की जरूरत यह है कि इसमें प्रभावी पर्यवेक्षण, अत्यधिक जोखिम झेल सकने की क्षमता वाला मजबूत विनियामक, प्रभावी तथा त्वरित समाधान वाला ढाँचा होना चाहिए। ऐसे प्रयासों के बावजूद बैंकों के विफल होने के कारण ही निक्षेप बीमा का प्रारंभ हुआ।

2. सामान्य तौर पर मान्यता यह है कि राष्ट्रीय प्राधिकारियों के पास ऐसा उपयुक्त उपकरण होना चाहिए, जिससे वे सभी प्रकार की विपदाग्रस्त वित्तीय संस्थाओं को नियंत्रित कर सकें ताकि वित्तीय स्थिरता बनी रहे, प्रणालीगत जोखिम न्यूनतम हों, ग्राहकों का बचाव किया जा सके, नैतिक जोखिम को कम किया जा सके तथा बाजार दक्षता को प्रोन्नत किया जा सके। हाल के वित्तीय संकट के दौरान बैंक प्रमुख बिंदु बन गए और संकट से उबारने और विश्वास को बनाए रखने के लिए निक्षेप बीमा का उदय हुआ। यद्यपि यह सिद्ध हो गया है कि प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणाली समाधान प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण और अपरिहार्य घटक है तथापि पूरे विश्व में समाधान प्रक्रिया में निक्षेप बीमा एजेंसियों द्वारा अदा की जा रही भूमिका की सीमा में अंतर है।

समाधान व्यवस्था (रिजीम) की प्रमुख विशेषताएं

3. वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) द्वारा अक्तूबर 2011 में विकसित वित्तीय संस्थाओं के लिए प्रभावी समाधान व्यवस्था (रिजीम) की प्रमुख विशेषताओं के अंतर्गत प्रभावी समाधान व्यवस्था (रिजीम) के लिए अपेक्षित मुख्य तत्वों का वर्णन किया गया है। इन प्रमुख विशेषताओं में इसका कार्यक्षेत्र, समाधान प्राधिकारी, समाधान अधिकार, समंजन, नेटिंग, समर्थक प्रतिभूतिकरण, ग्राहक की आस्तियों का पृथक्कीरण, सुरक्षा उपाय (सेफगार्ड्स), समाधान में फर्मों का निधियन, क्रास-बार्डर सहयोग के लिए विधिक ढ़ाँचा संबंधी शर्तें, संकट प्रबंधन समूह, संस्थान-विशेष क्रास-बार्डर सहयोग समझौता, समाधान-क्षमता निर्धारण, वसूली और समाधान आयोजना, सूचनाओं तक पहुँच और सूचनाओं को शेयर करना शामिल है। इन प्रमुख विशेषताओं (केए) में संस्थान-विशेष क्रास-बार्डर सहयोग समझौता, समाधान-क्षमता निर्धारण, वसूली और समाधान योजना तथा शीघ्र समाप्त करने संबंधी अधिकारों पर अस्थाई रोक के संबंध में देशों के लिए दिशानिर्देश भी शामिल होते हैं।

4. एक प्रभावी समाधान व्यवस्था (रिजीम) महत्वपूर्ण आर्थिक कार्यों को संरक्षित करने के दौरान करदाताओं को होने वाली हानि को प्रकट किए बिना वित्तीय संस्थाओं को बाधारहित समाधान की सुविधा प्रदान करता है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के अनुसार एक प्रभावी समाधान व्यवस्था (रिजीम) में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए :

(i) प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय सेवाएं, समाशोधन और निपटान तथा भुगतान संबंधी कार्यकलाप की निरंतरता सुनिश्चित होनी चाहिए।

(ii) उपयुक्त बीमा योजनाओं को, जहाँ लागू हो और संगत हों, संरक्षित करना और ऐसे जमाकर्ताओं, बीमापालिसी धारकों तथा निवेशकों, जो ऐसी योजनाओं एवं व्यवस्था के अंतर्गत रक्षित (कवर) हैं, के लिए व्यवस्था करना और पृथक्कृत क्लाइंट एसेट्स के संबंध में त्वरित रिटर्न सुनिश्चित करना।

(iii) हानि को फर्म धारकों (शेयर धारकों) और गैरजमानती तथा गैरबीमाकृत लेनदारों के मध्य इस प्रकार आबंटित करना कि दावों का अनुक्रम बना रहे।

(iv) ऋण शोधन के लिए सरकारी सहारे पर विश्वास न करना और यह आशा न करना कि ऐसा सहारा उपलब्ध होगा।

(v) मूल्य के अनावश्यक विनाश से बचना और इसके कारण घरेलू तथा पोषक अधिकार क्षेत्र में अन्य लक्ष्यों, लेनदारों को होने वाली हानियों के अनुकूल होने पर समाधान की कुल लागत को न्यूनतम करना।

(vi) विधिक और प्रक्रियागत स्पष्टता के माध्यम से उसमें गति और पारदर्शिता तथा यथासंभव अधिक पूर्वानुमेयता उपलब्ध कराना एवं क्रमिक समाधान हेतु अग्रिम आयोजना तैयार करना।

(vii) समाधान के पूर्व एवं इस दौरान विदेशी समाधान प्राधिकारियों के समान सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान हेतु अधिदेश उपलब्ध कराना और आंतरिक रूप से सहयोग करना।

(viii) यह सुनिश्चित करना कि अलाभकारी फर्मों को व्यवस्थित रूप से बाजार से बाहर किया जाना और

(ix) विश्वसनीय होना और इसके माध्यम से बाजार अनुशासन में वृद्धि तथा बाजार आधारित समाधानों को प्रोत्साहन देना।

5. आशय यह है कि समाधान व्यवस्था (रिजीम) में स्थिरीकरण संबंधी विकल्प होना चाहिए ताकि प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्यों और किसी संस्था के लेनदार द्वारा वित्तपोषित पुन: पूँजीकरण की निरंतरता को बनाए रखा जा सके। बीमाकृत जमाकर्ताओं, बीमा पालिसी धारकों और अन्य खुदरा ग्राहकों की सुरक्षा के दौरान किसी फर्म के व्यवसाय की क्रमिक रूप से बंदी हेतु परिसमापन का भी विकल्प होना चाहिए। पुन: विविध देशों में कार्यरत फर्मों के लिए सहयोग युक्त समाधान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत ऐसे विधाई परिवर्तनों के माध्यम से उनके समाधान व्यवस्था (रिजीम) की अभिसारिता की पहचान करना चाहिए, जिन्हें उनकी राष्ट्रीय व्यवस्था (रिजीम) की प्रमुख विशेषताओं (केए) में उपकरण एवं अधिकारों के रूप में शामिल किए जाने की आवश्यकता है।

समाधान व्यवस्था (रिजीम) से संबंधित समकक्ष समीक्षा

6. अपने अधिकार क्षेत्र वाले वर्तमान समाधान व्यवस्थाओं (रिजीमों) और प्रमुख विशेषताओं (केए) को बेंचमार्क के रूप में प्रयोग करके उन व्यवस्थाओं (रिजीमों) में किए जाने वाले परिवर्तनों का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने अपने सदस्यों के समाधान व्यवस्थाओं (रिजीमों) की तद् विषयक (थीमेटिक) समीक्षा की। समकक्ष समीक्षा रिपोर्ट अप्रैल 2013 में जारी की गई। समकक्ष समीक्षा में यह पाया गया कि कुछ अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत बड़े विधाई सुधार करते समय प्रमुख विशेषताओं का कार्यान्वयन प्रारंभिक स्तर पर किया गया था। पुन: मजबूत समाधान व्यवस्था (रिजीम) को कार्यान्वित करने के संबंध में कार्य किए जाने की आवश्यकता है ताकि यह प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों (सिफीज) सहित विफल हो रही संस्थाओं का सामना करने लायक बन सके।

7. इस समीक्षा का निष्कर्ष यह रहा कि वित्तीय स्थिरता बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की समाधान व्यवस्था (रिजीम) की कई विशेषताएं पहले से ही प्रमुख विशेषताओं (केए) से व्यापक रूप से मेल खाती हैं। विशेष रूप से सभी अधिकार क्षेत्र बैंकों के संबंध में समाधान अधिकारों का प्रयोग करने में सक्षम हैं। बीमा फर्मों के संबंध में बीमाकर्ताओं का समाधान करने के लिए लगभग सभी अधिकार क्षेत्रों में एक अथवा इनमें से दोनों समाधान संबंधी अधिकार (अर्थात् पोर्टफोलियो अंतरण तथा अपवाह) उपलब्ध हैं। हालांकि अधिकतर मामलों में न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासक अथवा परिसमापक द्वारा इसके समापन के संदर्भ में इन अधिकारों का प्रयोग किया जाता है। अंतिम रूप से कई अधिकार क्षेत्रों की रिपोर्ट यह है कि वे वर्तमान पर्यवेक्षी अधिकारों उदाहरणार्थ वसूली और समाधान संबंधी योजना विकसित करने के अधिकार अथवा कुछ वित्तीय संस्थाओं (एफआई) के लिए अपेक्षित समाधेयता के माध्यम से इनमें से कुछ लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

8. यही नहीं प्रमुख विशेषताओं (केए) में महत्वपूर्ण भिन्नता और असंगतताएं हैं जिनका सामना किया जाना आवश्यक है। अपेक्षित समाधान व्यवस्था (रिजीम) में पुन: वृद्धि किए जाने संबंधी प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित हैं :

बैंकों के लिए व्यापक समाधान अधिकार : सामान्य तौर पर अन्य वित्तीय संस्थाओं की तुलना में बैंकों के लिए समाधान व्यवस्था (रिजीम) अधिक विकसित है और कुछ अधिकार क्षेत्रों में ही प्रशासनिक प्राधिकारियों को बैंकों का समाधान करने के लिए प्रमुख विशेषताओं (केए) में निर्धारित पूरे अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। उदाहरणार्थ बहुत कम प्राधिकारियों को विफल हो रहे संस्थान को नकारने और देयताओं को परिवर्तित करने (समाधान के अंतर्गत जमानत) संबंधी दोनों सांविधिक अधिकार

हैं। यही नहीं कुछ मामलों में समाधान संबंधी कार्रवाई के लिए न्यायालय का अनुमोदन अथवा विफल हो रही संस्था अथवा इसके शेयरधारकों का सहयोग अपेक्षित होता है।

गैर-बैंक वाली वित्तीय संस्था के लिए समाधान : बीमा कर्ताओं, प्रतिभूति अथवा निवेश फर्मों तथा वित्तीय बाजार इंफ्रास्ट्रक्चर्स (एफएमआई) वाली संस्थाओं से संबंधित समाधान व्यवस्थाएं (रिजीम) आधुनिक नहीं है और यहाँ संबंधित अधिदेश और अधिकार प्रमुख विशेषताओं (केए) के मानकों की अपेक्षा काफी कम पड़ते हैं। इससे आंशिक रूप से यह प्रदर्शित होता है कि उन क्षेत्रों में प्रमुख विशेषताओं (केए) को लागू करने संबंधी दिशानिर्देश कम विकसित अवस्था में हैं। गैर-बैंक वाली वित्तीय संस्था (एफआई) के अधिकार बहुधा पर्यवेक्षी प्रकृति के हैं और फर्म के परिसमापन अथवा समापन तक सीमित हैं।

वित्तीय समूहों के समाधान का अधिकार : अधिकतर वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) संबंधी अधिकार क्षेत्रों में पालक को नियंत्रित करने अथवा विफल वित्तीय संस्थान (एफआई), विशेषरूप से वित्तीय नियंत्रक कंपनी (एफएचसी) अथवा ऐसी महत्वपूर्ण परिचालनात्मक संबद्धता वाले संस्थान, जो विनियमित नहीं हैं, से संबद्धता संबंधी अधिकारों की कमी है। वैश्विक प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान (जी-सिफीज) की विशेष रूप से यह समस्या है कि इनका ढाँचा एकीकृत और काफी जटिल प्रकृति का है।

समाधान उपाय की क्रास-बार्डर प्रभाविकता : वित्तीय संकट से यह प्रकट हुआ कि विफल हो रही वित्तीय संस्थाओं (एफआई) के मामलों में कार्रवाई करते समय क्रास-बार्डर सहयोग को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। तथापि वर्तमान में केवल कुछ ही अधिकार क्षेत्र अपने समाधान प्राधिकारियों को सांविधिक अधिदेशों के माध्यम से विदेशी समाधान प्राधिकारियों के साथ सहयोग करने तथा समन्वय स्थापित करने संबंधी अधिकार प्रदान करते हैं तथा उसे प्रोत्साहित करते हैं। इसके अतिरिक्त कई अधिकार क्षेत्रों के वर्तमान मैकेनिज्म में विदेशी समाधान संबंधी कार्रवाई को लागू करने संबंधी सक्षमता अस्पष्ट है। बहुत ही कम अधिकार क्षेत्रों के पास विदेशी प्राधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की पहचान करने तथा उसे लागू करने संबंधी त्वरित प्रक्रिया (प्रशासनिक और न्यायालय आधारित) संबंधी प्रावधान हैं। ये इनकी प्रमुख कमजोरी है कि ये समाधान संबंधी कार्रवाई की वैधानिक सुनिश्चितता को दुर्बल कर सकती हैं।

निधियन : क्षेत्रों और अधिकार क्षेत्रों के मध्य निधियन संबंधी व्यवस्था में काफी अंतर है। अधिकतर अधिकार क्षेत्रों में निजी रूप से निधियन वाली संरक्षण निधि पर विश्वास का सहारा लिया जाता है लेकिन इनके अपर्याप्त होने की स्थिति में इसे स्पष्ट नहीं किया गया है। अत: प्रणाली की दृष्टि महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान (सिफीज) के लिए समाधान में सरकारी वित्तीय सहायता एक महत्वपूर्ण घटक होती है। सरकारी निधियों की वसूली संबंधी मेकेनिज्म पूरी तरह विकसित नहीं हैं।

वसूली और समाधान संबंधी आयोजना और समाधेयता में सुधार संबंधी कार्रवाई : अधिकतर अधिकार क्षेत्रों में घरेलू प्रणाली की दृष्टि महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान (सिफीज) के लिए वसूली और समाधान संबंधी आयोजना (आरआरपी) वाले विशेष संविधि अथवा नियम सुस्पष्ट नहीं है। इसके अतिरिक्त अधिकतर प्राधिकारियों के पास समाधान संबंधी उनकी समाधेयता में पहले से ही सुधार लाने के लिए संगठनात्मक और वित्तीय ढाँचे में परिवर्तन हेतु अपेक्षित दृढता संबंधी अधिकारों की कमी है।

9. उपर्युक्त निष्कर्षों के आधार पर समकक्ष समीक्षा में अधिकार क्षेत्रों के लिए कई अनुशंसाएं की गई हैं :

ए. बैंकों के लिए समाधान व्यवस्था (रिजीम) की समीक्षा की जाए तथा उसे संशोधित किया जाए ताकि आस्तियों और देयताओं के अंतरण, शेयरधारकों की शेयर धारिता को कम करने और समाधान के अंतर्गत ऋण को शेयर में परिवर्तित करने संबंधी अधिकारों सहित प्रमुख विशेषताओं (केए) के संगत समाधान संबंधी अधिकारों को सुनिश्चित किया जा सके।

बी. गैर-बैंक वाली वित्तीय संस्थाओं के लिए समाधान व्यवस्था (रिजीम) की पर्याप्तता और प्रभाविकता की समीक्षा

सी. वित्तीय नियंत्रक वाली कंपनियों, गैर-विनियमित परिचालनात्मक संस्थाओं और विदेशी वित्तीय फर्मों की शाखाओं तक समाधान व्यवस्था (रिजीम) की व्यापकता का विस्तार

डी. सीमापार (क्रास-बार्डर) सहयोग और समन्वय उपायों के संबंध में समाधान प्राधिकारियों के अधिदेश और क्षमता में वृद्धि

ई. सूचना के आदान-प्रदान के लिए घरेलू विधिक ढाँचे की समीक्षा

एफ. वित्तीय संविदाओं से संबंधित संविदात्मक फुर्ती दिखाने पर अस्थाई रोक लगाने संबंधी अधिकार लागू करना

जी. घरेलू निगमित फर्मों के लिए अपेक्षित वसूली और समाधान संबंधी आयोजना (आरआरपी) लागू करना, जो उनके विफल होने की स्थिति में प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण अथवा विवेचनात्मक हों और

एच. पर्यवेक्षकों और समाधान प्राधिकारियों को वित्तीय संस्थाओं के लिए अपेक्षित अधिकार देना ताकि वे अपनी समाधेयता में सुधार हेतु अपनी संरचना, संगठन अथवा व्यवसाय व्यवहारों से संबंधित परिर्तनों को स्वीकार कर सकें।

समकक्ष समीक्षा रिपोर्ट में वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) द्वारा दिए गए सुझाव भी भारत के लिए संगत हैं। इस बात को मान्यता दी गई है कि समाधान ढाँचे में परिवर्तन देश की परिस्थितियों में प्रासंगिक और अनुरूप होने चाहिए।

भारतीय वित्तीय संरचना : एक विहंगावलोकन

10. भारतीय बैंकिंग प्रणाली में वाणिज्यिक बैंक[1], क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), सहकारी साख संस्थाएं [राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी), जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी) और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (यूसीबी)] सम्मिलित हैं। उक्त जमाराशि स्वीकार करने वाली संस्थाओं के अतिरिक्त कुछ गैर-बैंक वित्तीय संस्थाएं [एनबीएफसी(डी)] भी जमाराशि स्वीकार करती हैं। कुल वित्तीय सहायता के लगभग 60 प्रतिशत के साथ वाणिज्यिक बैंकों का वित्तीय प्रणाली पर वर्चस्व है। कुछ संरचनागत और विनियामक विशेषताएं जैसे वाणिज्यिक बैंकों के बड़े हिस्से का सरकारी स्वामित्व, सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) और नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) कठिन परिस्थितियों में भारतीय वित्तीय प्रणाली को लोचदार बनाती हैं। भारत के वित्तीय सुरक्षा नेट की संरचना, बैंकों के विनियमन और पर्यवेक्षण, वाणिज्यिक बैंकों के संबंध में समाधान अधिकार, निबीप्रगानि के माध्यम से निक्षेप बीमा और अंतिम ऋणदाता संबंधी अधिकारों के रूप में रिज़र्व बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका है।

11. भारत में वाणिज्यिक बैंकों की विफलता संबंधी मामले विरले ही होते हैं। लेकिन शहरी सहकारी बैंकों के मध्य यह सामान्य है। बैंकों के लिए नियमित निगरानी मेकेनिज्म मौजूद है। कमजोर बैंक से अपेक्षित है कि वह पूँजी डालने (इंफ्यूजन) के साथ-साथ महत्वपूर्ण वित्तीय मानदंड संबंधी लक्ष्य निर्धारित करे। तथापि बैंक का नेटवर्थ ऋणात्मक होने और प्रतिवर्तन (टर्नअराउंड) हेतु विश्वसनीय कार्य योजना का अभाव होने पर बैंकों में भगदड़ से बचने के लिए उन्हें अधिस्थगन (मारटोरियम) के अंतर्गत रखा जाता है, आस्तियों को समाप्त करने से रोका जाता है और इनका टेकओवर करने के लिए किसी उपयुक्त मजबूत बैंक की पहचान करने हेतु विनियामकों को समय दिया जाता है। वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड, जो रिज़र्व बैंक के बोर्ड की समिति है, बैंक के पर्यवेक्षी कार्यों की समीक्षा करता है और बैंकों, विशेष रूप से कमजोर बैंकों के कार्यनिष्पादन की निगरानी करता है। उच्च न्यायालय के आदेशों पर बैंकिंग विनियमन (बैंकिंग रेगुलेशन) अधिनियम, 1949 की धारा 44 के अंतर्गत बैंकिंग कंपनी की स्वैच्छिक बंदी हो सकती है। इस प्रयोजन से भारिबैं का इस आशय का प्रमाणपत्र अपेक्षित है कि बैंकिंग कंपनी अपने सभी ऋणों का संपूर्ण रूप से, जैसा कि उपचय के उपरांत है, पूरा करने में सक्षम है। यदि बैंकिंग कंपनी अपने सभी ऋणों का भुगतान करने में अक्षम है अथवा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 37 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक उच्च न्यायालय में इसकी बंदी के लिए आवेदन करे तो बैंकिंग विनियमन (बीआर) अधिनियम, 1949 की धारा 38 के अंतर्गत बैंकिंग कंपनी की अनिवार्य बंदी की जा सकती है।

12. सामान्य तौर पर समाधान की प्रणाली में विपदाग्रस्त बैंक की पुनर्संरचना अथवा मजबूत बैंक के साथ विलय अथवा बंदी में सहायता प्रदान करना शामिल होता है। सामान्य रूप से इसके अंतर्गत कमजोर बैंक का अन्य बैंक के साथ विलय के रूप में सहायता की जाती है अथवा उनका अनिवार्य रूप से विलय किया जाता है। कभी-कभी स्वैच्छिक विलय के रूप में स्वस्थ बैंक किसी कमजोर बैंक का अधिग्रहण (टेकओवर) करता है। परिसमापन के अधीन किए गए बैंकों को भुगतान करने के साथ-साथ जब अधिगृहीत किए जाने वाला बैंक अपनी देयता को संपूर्ण रूप से पूरा करने में असमर्थ होता है तो निबीप्रगानि

[1] वाणिज्यिक बैंकों में (i) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 और बैंकिंग विनियमन अधिनियम (बीआर एक्ट), 1949 से नियंत्रित होता है;(ii) भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (सहयोगी बैंक) अधिनियम, 1959, स्टेट बैंक आफ हैदराबाद अधिनियम, 1956 आदि और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 से नियंत्रित होते हैं; (iii) राष्ट्रीयकृत बैंक बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/80 और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 से नियंत्रित होते हैं; (iv) सरकारी क्षेत्र के बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और कंपनी अधिनियम, 1956 से नियंत्रित होते हैं तथा (v) विदेशी बैंक की शाखाएं बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और कंपनी अधिनियम, 1956 से नियंत्रित होती हैं।

कवरेज की सीमा तक जमाकर्ताओं को भुगतान करके इस कमी को पूरा करने के माध्यम से विलय में सहायता करता है। छोटे शहरी सहकारी बैंकों के मामले में सामान्य एप्रोच के अंतर्गत जमाकर्ताओं को की गई प्रतिपूर्ति के साथ बैंक को परिसमापित किया जाता है। जबकि कुछ मामलों में निबीप्रगानि की सहायता से भी विलय किया गया है। (पिछले दो दशकों से ऐसे मामलों से संबंधित आँकड़े सारिणी में दिए गए हैं।)

सारिणी : समामेलन और पुनर्संरचना की योजना के अंतर्गत निपटाए गए दावे

क्रम सं.	वर्ष	बैंक का नाम	जमाकर्ताओं की संख्या	निपटाए गए दावे (₹ मिलियन में)
1	2001	माधवपुरा मर्केण्टाइल कोआपरेटिव बैंक लि., गुजरात	-उ.न.-	4,009.40
2	2009	साउथ इंडियन कोआपरेटिव बैंक लि., महाराष्ट्र	56,816	359.77
3	2012	मेमन कोआपरेटिव बैंक लि., महाराष्ट्र	85,990	237.52
4	2012	वसव कोआपरेटिव बैंक लि., गुजरात	34,672	72.22

-उ.न.- : उपलब्ध नहीं

भारतीय बैंक समाधान ढाँचा : मामले और चुनौती

13. भारत में वर्तमान बैंक समाधान ढाँचा विभिन्न दरारों से भरा है और कई प्रकार के मामलों का समाधान किए जाने की आवश्यकता है। प्रथमत: बैंकों के मध्य विविधता है और विभिन्न प्रकार के विधिक ढाँचे उन्हें नियंत्रित करते हैं। वर्तमान में भारतीय रिज़र्व बैंक के पास वाणिज्यिक बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों के समान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) तथा विकासात्मक वित्तीय कंपनियों (डीएफआई) को विनियमित करने और उनका पर्यवेक्षण करने संबंधी अधिदेश हैं, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रणालीगत वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के साथ-साथ वैयक्तिक संस्थानों की विफलता को रोकना है तथा जमाकर्ताओं का हित सुरक्षित करना है। जबकि राज्य सहकारी बैंकों, जिला केंद्रीय सहकारी बैकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का पर्यवेक्षण राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा किया जाता है।

14. भारत में केवल वित्तीय संस्थानों के लिए कोई विशेष समाधान व्यवस्था (रिजीम) अथवा व्यापक नीति अथवा उनके दिवालिया होने संबंधी कानून नहीं हैं। विभिन्न अधिनियमों में निहित कुछ प्रावधानों के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा केंद्र सरकार को अधिकृत किया गया है कि वे भारत के विभिन्न प्रकार के बैंकों अथवा वित्तीय संस्थानों का समाधान करें। बैंकिंग कंपनियों अर्थात् निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों के भारत में स्थित कार्यालयों के समाधान से संबंधित प्रावधान बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और कंपनी अधिनियम, 1956 में दिए गए हैं। तथापि सरकारी क्षेत्र के बैंकों (अर्थात् भारतीय स्टेट बैंक और इसकी सहयोगी बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के समाधान संबंधित संविधियों जैसे क्रमश: भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955; भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959; बैंकिंग कपंनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 द्वारा नियंत्रित होते हैं।

15. सहकारी बैंकों (राज्य सहकारी बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) का समाधान बैंकिंग विनियमन अधिनियम (यथा सहकारी समितियों पर लागू) 1949, बहु-राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम, 2002 और संबंधित राज्य की सहकारी समिति अधिनियम से नियंत्रित होता है। पुन: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और वित्तीय बाजार इंफ्रास्ट्रक्चर (एफएमआई) जैसी संस्थाएं भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 और कंपनी अधिनियम, 1956 में निहित प्रावधानों से नियंत्रित होती हैं। यह संपूर्ण ढाँचे को जटिल और भ्रामक बना देता है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की विविधता और संस्थाओं के समाधान / दिवालियापन (साल्वेंसी) को नियंत्रित करने संबंधी अलग संविधियाँ वर्तमान विधिक ढाँचे के अंतर्गत एकल और विशिष्ट समाधान व्यवस्था (रिजीम) बनाए रखने की गंभीर चुनौती प्रस्तुत करती हैं। इस संबंध में समाधान हेतु ऐसे गहन विधिक ढाँचे को विकसित करने की आवश्यकता है, जो विविध प्रकार की सभी वित्तीय संस्थाओं को कवर करे।

16. दूसरा मुद्दा समाधन संबंधी उपकरणों से संबंधित है। भारत में बैंकों के लिए सामान्य रूप से समाधान संबंधी उपकरण और विकल्प के रूप में पुनर्संरचना, विलय और समामलेन (स्वैच्छिक और अनिवार्य दोनों), तथा समाप्त करना (वाइंडिंग अप) (स्वैच्छिक और अनिवार्य दोनों) अथवा परिसमापन उपलब्ध हैं। निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों की शाखाओं के मामले में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के अंतर्गत ब्रिज बैंक जैसा समाधान उपलब्ध कराया जाना संभव है।

तथापि अबतक ऐसा नहीं किया गया है। भारत में बैंक समाधान के विभिन्न चरणों के अंतर्गत अधिस्थगन और समामलेन और समाप्त करना (वाइंडिंग अप) / परिसमापन करना शामिल हैं। बैंक समाधान उपकरणों के संबंध में भारत का अनुभव सीमित है और अधिकांशत: यह बैंकों के स्वैच्छिक अथवा अनिवार्य विलय अथवा समामेलन तक सीमित है।

17. निष्क्रिय कंपनी के समाधान संबंधी उपकरणों (जैसे निजी क्षेत्र क्रय संबंधी लेनदेन और ब्रिज बैंक अधिकार) के उद्देश्य के संबंध में समाधान के अंतर्गत जमानत लेने (बेल-इन) के उद्देश्य पर विचार करते समय यह सुनिश्चित किया जाता है कि विफल वित्तीय संस्था की बंदी व्यवस्थित हो, जमानत का प्राथमिक उद्देश्य विपदाग्रस्त वित्तीय संस्था की अर्थक्षमता को वापस लौटाया जाए और दिवालिया होने से रोका जाए अथवा समाधान संबंधी कोई अन्य कार्रवाई की जाए। सिफीज के समाधान हेतु जमानत (बेल-इन) संबंधी अधिकार के संबंध में अतिरिक्त और संपूरक उपाय के रूप में विचार किए जाने की आवश्यकता है।

18. यह कि समाधान व्यवस्था (रिजीम) पर विचार करने के दौरान इसे "विफल नहीं" अथवा "बंदी नहीं" संबंधी व्यवस्था (रिजीम) के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए ताकि किसी करदाता के समर्थन के बिना विफल बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा वित्तीय बाजार इंफ्रास्ट्रक्चर (एफएमआई) का व्यवस्थित समाधान हो सके। समाधान प्राधिकारी के पास समाधान उपकरणों जैसे निजी क्षेत्र क्रय उपकरण; ब्रिज बैंक उपकरण; अच्छा-बैंक और खराब बैंक; समाधान के अंतर्गत जमानत; बैंक के दिवालिया होने संबंधी प्रक्रिया / परिसमापन आदि की एक श्रृंखला होनी चाहिए, जिसका स्थिति के अनुरूप वैकल्पिक अथवा संपूरक रूप से प्रयोग किया जा सके ताकि वित्तीय संस्था के प्रणालीगत महत्वपूर्ण कार्यों की अर्थक्षमता को बचाया जा सके।

19. तीसरा मुद्दा क्रास-बार्डर बैंक समाधान से संबंधित है। विभिन्न देशों का कानून और विनियामक ढाँचा समाधान को कठिन, अपर्याप्त और महंगा बना देता है। अत: विभिन्न अधिकार क्षेत्रों में अधिक सुसंगत विधिक और विनियामक ढाँचा बनाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। यद्यपि भारत में क्रास-बार्डर बैंकों की संख्या अपेक्षाकृत रूप से कम है लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था में सुधार तथा वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेनदेन में वृद्धि के साथ-साथ भारत में क्रास-बार्डर जोखिम संबंधी खतरा बढ़ेगा। अत: विफलता तथा समाधान दोनों को तीव्र और प्रभावी बनाने के लिए कदम उठाया जाना चाहिए। यह आवश्यक है कि विदेशी पर्यवेक्षी प्राधिकारियों से संबंध मजबूत किए जाएं, सूचना के आदान-प्रदान को सघन किया जाए, विफल हो रहे वैश्विक संस्थानों के समाधान के प्रति मतैक्य विकसित करने पर विचार किया जाए।

20. इसी प्रकार भारत में विदेशी बैंकों के परिचालन के लिए उपयुक्त ढाँचा तैयार करने संबंधी मुद्दा भी है। इस पर विचार किया जा रहा है कि क्या भारत में विदेशी बैंकों के स्थानीय प्रवर्तन को अनिवार्य किया जाए। क्रास-बार्डर बैंकिंग समूहों का संगठनात्मक ढाँचा पूरे विश्व में अलग-अलग है और उनके व्यवसाय माडल में विविधता है तथा भिन्न-भिन्न देशों में वित्तीय विकास भी अलग-अलग चरणों में हुआ है। शाखा प्रणाली (मोड) के अंतर्गत विदेशी बैंक के विफल होने की स्थिति में उपलब्ध होने वाली ऐसी आस्तियों को तय करना कठिन हो सकता है, जिससे उस शाखा से संबंधित स्थानीय लेनदारों के दावों और स्थानीय देयताओं को पूरा किया जा सके। अनुषंगी ढाँचा समाधान प्रक्रिया को अधिक आसान बनाने के साथ-साथ पोषक अधिकार क्षेत्र को अधिक विनियामक नियंत्रण तथा सहूलियत उपलब्ध कराता है। संकट की स्थिति में शाखा और बाकी बैंक के मध्य विभेद और आस्तियों तथा देयताओं की विधिक स्थिति वास्तव में महत्वपूर्ण हो सकती है।

21. चौथी चुनौती प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान (सिफीज) के विनियमन से संबंधित है, जो कई देशों में बड़ी संख्या में हैं और गैर-बैंकिंग क्षेत्र[2] में उनका काफी बड़ा हिस्सा है। यहाँ "प्रणालीगत अधिभार" की उपयुक्तता पर विचार किए जाने की आवश्यकता है, जो अतिरिक्त पूँजी जुटाने के लिए सिफीज से अपेक्षित है। ऐसी उच्चतर पूँजी फर्मों की मजबूती बढ़ाती है किंतु तुलन-पत्र को मजबूती देती है और फर्मों को वित्तीय खतरों को रोकने में सक्षम बनाती है। इस प्रकार इससे लाभ अधिक और हानि कम है। इसी प्रकार हमें गैर-बैंक वित्तीय संस्थाओं के लिए प्रभावी समाधान व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। बड़ी और जटिल संस्थानों के लिए नवीन जोखिम प्रबंधन और पर्यवेक्षी मानदंड स्थापित करना एक वृहद् कार्य है साथ ही इनका कार्यान्वयन भी चुनौतीपूर्ण है। बड़ी और जटिल वित्तीय संस्थाएं तथा समूह, जिनका उत्थान बैंकिंग और

---

[2] "बैंक समाधान ढाँचा : भारतीय संदर्भ में चुनौतियाँ", डॉ. दुव्वुरी सुब्बाराव, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक का आईएडीआई-निबीप्रगानि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण, नवंबर 2011

गैर-बैंकिंग दोंनों जगहों पर हो रहा है, ऐसे पर्यवेक्षी और समाधान ढाँचे के एकीकरण को अनिवार्य बना देते हैं। इस प्रयास के लिए पर्याप्त समय, संसाधन, विशेषज्ञता और दृष्टिकोण अपेक्षित है, जिससे जोखिमों से संबंधित प्रणालीगत व्यापक विश्लेषण को इसमें शामिल किया जा सके।

22. वर्तमान में भारत में कोई वैश्विक प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंक (जी-एसआईबी) नहीं है, जो वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) द्वारा तैयार की गई 28 वैश्विक प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंकों (जी-एसआईबी) की सूची में शामिल हो। तथापि यहाँ कई बैंक और कई प्रकार की वित्तीय मध्यवर्ती मौजूद हैं, जिनका गैर-प्रणालीगत संस्थाओं की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में महत्व भले ही न हो, परंतु घरेलू वित्तीय प्रणाली और अर्थव्यवस्था में उनका प्रभाव कम है। ऐसी संस्थाओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) और मानक तय करने वाले निकाय घरेलू सिफीज से संबंधित क्षेत्रों में वैश्विक प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंक (जी-एसआईबी) ढाँचे का विस्तार कर रहे हैं। बैंकिंग प्रणाली के लिए वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) और बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासल समिति (बीसीबीएस) ने घरेलू प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) का सामना करने के लिए सिद्धांतों पर आधारित न्यूनतम ढाँचे को अंतिम स्वरूप प्रदान किया है। तदनुसार वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने एक समय सीमा अर्थात् जनवरी 2016 प्रस्तावित किया है, जिसके भीतर राष्ट्रीय प्राधिकारियों को वैश्विक प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंक (जी-एसआईबी) ढाँचे की व्यवस्था को घरेलू प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) पर लागू करना है।

23. भारत में कई बैंक विभिन्न बाजारों में विभिन्न प्रकार के वित्तीय उत्पाद प्रस्तुत कर रहे "वित्तीय समूह" (एफसी) के रूप में विकसित हुए हैं और अपना विस्तार कर रहे हैं। इन्हें "घरेलू प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान" (डी-सिफीज) के रूप में गिना जाना चाहिए। विनियामक दृष्टिकोण से यह दो प्रकार की चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है, पर्याप्त विधिक ढाँचे का अभाव और सीमित अंतर-विनियामक सहयोग। रिज़र्व बैंक ने बड़े और प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंकिंग समूहों के लिए निकट और निरंतर पर्यवेक्षण की प्रणाली स्थापित की है। रिज़र्व बैंक ने अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के एक हिस्से के रूप में विभिन्न परिदृश्यों के अंतर्गत स्ट्रेस टेस्ट करने संबंधी प्रगतिशील दृष्टिकोण भी अपनाया है। वर्तमान विधिक और विनियामक ढाँचे के भीतर समाधान की दक्षता में वृद्धि करना नवनिर्मित वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) के प्रमुख उत्तरदायित्वों में से एक है। महत्वपूर्ण कार्य के रूप में ऐसी समाधान योजना तैयार करना होगा, ताकि संस्थाओं के मध्य अंतर-सहबद्धता संबंधी सूचनाओं पर स्पष्ट रूप से विचार कर सके।

24. वित्तीय समूह (एफसी) के अधिक प्रभावी समेकित पर्यवेक्षण के महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारत के वित्तीय क्षेत्र के चार विनियामकों अर्थात् भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), बीमा विनियामक और विकास प्राधिकारी (आईआइडीए) और पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकारी (पीएफआरडीए) ने वित्तीय समूहों (एफसी) के समेकित पर्यवेक्षण और निगरानी के क्षेत्र में सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया है। वित्तीय समूहों (एफसी) की निगरानी को मजबूत करने के लिए वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप समिति द्वारा अंतर-विनियामक फोरम (आईआरएफ) गठित किया गया है। आईआरएफ की संरचना घरेलू पर्यवेक्षक रूप में की गई है, जिसमें अग्रणी / प्रधान विनियामक माडल को अंगीकार किया गया है तथा इसे दो प्रमुख कार्यों को निष्पादित करने का अधिदेश दिया गया है अर्थात् वित्तीय समूहों के प्रभावी समेकित पर्यवेक्षण हेतु पर्यवेक्षी सहयोग विकसित करना और वित्तीय समूहों के कार्यकलापों के कारण प्रणालीगत स्थिरता संबंधी जोखिमों का सामना करना। वित्तीय समूह की निगरानी ढाँचे में शामिल करने के प्रयोजन से विशेष मामले के तौर पर अंतर-विनियामक फोरम (आईआरएफ) एक वित्तीय बाजार सेगमेंट में "महत्वपूर्ण / प्रभावशाली" उपस्थिति वाले और एक से अधिक बाजार सेगमेंट में "प्रमुख / वास्तविक" उपस्थित वाले एक अथवा अधिक "प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय समूह" की पहचान कर सकता है। संबंधित विनियामक विभिन्न निर्देशकों (इंडीकेटर्स)[3] को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली संस्थाओं के लिए मानदंड विकसित करने की प्रक्रिया में हैं।

25. पाँचवाँ मुद्दा समाधान प्राधिकारी से संबंधित है। यहाँ वित्तीय संस्थानों के समाधानों से संबंधित पर्यवेक्षण (ओवरसीइंग) करने और इसे कार्यान्वित करने के लिए संपूर्ण रूप से जिम्मेदार कोई समर्पित समाधान प्राधिकारी नहीं है। यद्यपि विभिन्न अधिनियम में निहित प्रावधान के अंतर्गत विभिन्न खंडों के विनियामकों के साथ भारत सरकार को भी समाधान संबंधी

---

[3] भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति की रिपोर्ट 2011-12, भारतीय रिज़र्व बैंक

कुछ अधिकार प्रदान किए गए हैं, परंतु किसी भी प्राधिकारी को समाधान के प्रयोजनों से विशिष्ट रूप से पदनामित नहीं किया गया है। पुन: यहाँ इसी श्रेणी के वित्तीय संस्थानों के रूप में दो अथवा इससे अधिक समाधान प्राधिकारी हैं। प्रमुख विशेषताओं (केए) के अनुसार यहाँ एक श्रेणी के वित्तीय संस्थान के लिए केवल एक ही समाधान प्राधिकारी होना चाहिए। वित्तीय संस्थानों के समूह के समाधान व्यवस्था से संबंधित सभी समाधान प्राधिकारियों की भूमिका और उत्तरदायित्व स्पष्ट नहीं हैं। पुन: विभिन्न अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत विधिक संस्थाओं के समाधान में समन्वय स्थापित करने के लिए कोई विशिष्ट "अग्रणी प्राधिकारी" नहीं है। यद्यपि वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (एफएसडीसी) और इसकी उप समिति को अंतर-विनियामक समन्वय के लिए स्थापित किया गया है, परंतु वे विधिक निकाय नहीं हैं और इससे उनके पास समय के भीतर वित्तीय संस्थाओं के समूह के समाधान से संबंधित विधिक अधिकारों और सहारे की कमी है।

26. छठवाँ मुद्दा राज्य सरकारों की भूमिका से संबंधित है। शहरी सहकारी बैंकों के समाधान के लिए कोई पदनामित प्राधिकारी नहीं है। भारतीय रिज़र्व बैंक के पास बहु-राज्य-शहरी सहकारी बैंकों के बोर्ड को अधिक्रमित करने का अधिकार है, परंतु शहरी सहकारी बैंकों से संबंधित राज्य अधिनियम के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) से बोर्ड को अधिक्रमित करने का अनुरोध कर सकता है और निबीप्रगानि अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) को भारतीय रिज़र्व बैंक की इस माँग का सम्मान करना होता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शहरी सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अथवा निदेशकों को हटाने का कोई अधिकार नहीं है। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के केवल कुछ ही प्रावधान शहरी सहकारी बैंकों पर लागू हैं। वर्तमान विधिक ढाँचे के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सभी राज्य सरकारों के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है। सभी राज्यों में भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं), सरकार और शहरी सहकारी बैंक के फेडरेशन के प्रतिनिधियों से युक्त सहकारी शहरी बैंकों वाला टास्क फोर्स (टैफकब) का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत यह अधिदेश दिया गया है कि वे अर्थक्षम शहरी सहकारी बैंकों के पुनरुद्धार और गैर-अर्थक्षम संस्थाओं को निर्बाध रूप से बाहर करने का रास्ता तैयार करेंगे। सहकारी शहरी बैंकों वाले टास्क फोर्स (टैफकब) को कोई सांविधिक सहारा नहीं है।

27. इस प्रकार शहरी सहकारी बैंकों के लिए कोई प्रामाणिक विधिक समाधान प्राधिकारी नहीं है। ये समाधान बैंकिंग विनियम अधिनियम अर्थात् धारा 35ए, धारा 36 आदि अथवा सहकारी समिति अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक और राज्य सरकारों / केंद्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित करने के उपरांत गठित सहकारी शहरी बैंकों वाले टास्क फोर्स (टैफकब) संबंधी फोरम के माध्यम से प्राधिकारियों के मध्य समन्वय सुनिश्चित किया जाता है।

28. अंत में समाधान में निक्षेप बीमा की भूमिका महत्वपूर्ण है। निबीप्रगानि को पर्यवेक्षी ढाँचे में और अधिक अग्रसक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए, ताकि बैंक की कमजोरियों की शीघ्र पहचान की जा सके और उनके प्रभावी समाधान को सहारा मिल सके। निबीप्रगानि केवल एक पे-बाक्स के रूप में कार्य कर रहा है। लेकिन जमाकर्ताओं से संबंधित अपर्याप्त सूचना-शेयरिंग के कारण उनको त्वरित भुगतान करने में कठिनाई होती है। सहकारी बैंकों के मामले में दुहरा नियंत्रण होने के कारण परिसमापकों की नियुक्ति से लेकर, जमाकर्ताओं के बारे में सूचना एकत्रित करने, जमाकर्ताओं को भुगतान करने और आस्तियों की वसूली के संबंध में इन बैंकों का समाधान करने में विलंब होता है। बैंकों के जोखिम निर्धारण संबंधी सूचना तक पहुँच से त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकेगी और इससे निबीप्रगानि विशुद्ध रूप से पे-बाक्स प्रणाली की तुलना में लागत को कम करने में अधिक सक्षम होगा। यह नोट किया जाना चाहिए कि निक्षेप बीमाकर्ता विफल संस्था का समाधान करने के लिए "न्यूनतम लागत" वाला एप्रोच अपनाता है। इसके कारण सुरक्षा-नेट प्रतिभागियों जैसे सरकार, विनियामक निकाय, केंद्रीय बैंक और निक्षेप बीमाकर्ता द्वारा की गई उपयुक्त कार्रवाई के मध्य निकट सहयोग और समन्वय होना चाहिए। निक्षेप बीमाकर्ता के पास पर्याप्त विस्तृत अधिदेश, पर्याप्त अधिकार, परिचालनात्मक स्वतंत्रता होने और आकस्मिक निधियन के आश्वासित श्रोत होने से अधिक प्रभावी ढंग से जनता का विश्वास अर्जित किया जा सकता है और उसे बनाए रखा जा सकता है तथा वित्तीय संकट के संबंध में कार्रवाई की जा सकती है। जमाकर्ताओं के दावों का और अधिक तेजी से निपटान करने, लागत को कम करने हेतु विफल हो रहे बैंकों के समाधान में निबीप्रगानि को विस्तारित अधिदेश प्रदान किया जाना लाभकारी होगा तथा समाधान की तेजी वित्तीय प्रणाली की स्थिरता के लिए लाभदायक होगी। यहाँ स्पष्ट रूप से परिभाषित

ऋणशोधन अक्षमता व्यवस्था और उपयुक्त डिजाइन वाली समाधान प्रक्रिया तैयार करने की आवश्यकता है।

समाधान व्यवस्था के संबंध में वित्तीय स्थिरता बोर्ड की समकक्ष समीक्षा : भारत के लिए सबक

29. वित्तीय स्थिरता बोर्ड की समकक्ष समीक्षा में वित्तीय स्थिरता बोर्ड के सभी सदस्यों के मध्य मौजूद प्रमुख विशेषताओं (केए) की अपेक्षाओं को पूरा करने में हुई प्रगति का वर्णन किया गया है। भारत वित्तीय स्थिरता बोर्ड के 24 सदस्यों में से एक है और उक्त अन्य सभी सदस्यों के साथ इसकी व्यवस्था (रिजीम) का मूल्यांकन किया गया है। इस समीक्षा में सुधार के कई क्षेत्रों की पहचान की गई है।

30. प्रथम वर्तमान समाधान व्यवस्था (रिजीम) बैंकों और सहकारी बैंकों पर अपना ध्यान केंद्रित करती है। कार्पोरेट दिवालिया ढाँचे के माध्यम से बीमा और प्रतिभूति फर्मों का समाधान किया जाता है। सुधार के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बीमा और प्रतिभूति दोनों फर्मों के लिए समाधान व्यवस्था (रिजीम) प्रारंभ किया जाना शामिल है। ऐसे संस्थानों के लिए अलग समाधान ढाँचा रखने का लाभ यह है कि समाधान की प्रक्रिया और बाजार से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों का परिरक्षण और उनके समाधान पर पड़ने वाले अवांछित प्रणालीगत प्रभाव को सीमित कर बीमाकर्ता और प्रतिभूति फर्मों के समाधान को तेज किया जा सकता है।

31. दूसरा अधिकतर वित्तीय स्थिरता बोर्ड के सदस्यों की तुलना में बैंकों के समाधान के अधिकार अधिक सीमित हैं और वर्तमान कानून के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक को शेयरधारकों के अधिकार को लाँघने (ओवरराइड करने) का प्राधिकार है और वह फर्म को अस्थाई रूप से परिचालित कर सकता है। तथापि समाधान व्यवस्था (रिजीम) में कई महत्वपूर्ण उपकरणों की कमी है, जो वित्तीय स्थिरता बोर्ड के सदस्यों के पास सामान्य रूप से मौजूद हैं। विशेष रूप से इस समाधान व्यवस्था (रिजीम) में (i) आस्तियों को अंतरित करने / बिक्री करने, (ii) आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) स्थापित करने, (iii) वित्तीय नियंत्रक वाली कंपनियों में हस्तक्षेप करने और उनका समाधान करने, (iv) वित्तीय संविदाओं के शीघ्र समापन पर अस्थाई रूप से रोक लगाने और (v) प्रतिभूति को ऋण में परिवर्तित करने संबंधी अधिकारों की कमी है। ये समाधान उपकरण छोटे और मध्यम दोनों दर्जे के बैंकों का समाधान करने और बड़े बैंकों तथा प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान (सिफीज) की विफलता का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

32. तीसरा समकक्ष समीक्षा में प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान (सिफीज) का समाधान करने के लिए आवश्यक उपकरणों की जाँच की गई है। ऐसे उपकरणों में (i) अपेक्षा यह है कि सिफीज समाधेयता संबंधी अपना निर्धारण (इसे "लिविंग विल्स" भी कहा जाता है) स्वयं तैयार करें। इस दस्तावेज में प्रत्येक सिफीज के ढाँचे और गतिविधियों और संभावित वित्तीय समस्याओं का सामना करने संबंधी योजनाओं का कुछ विस्तृत ब्यौरा रहता है और (ii) पर्यवेक्षकों से संबंधित यह अधिकार कि वे प्रत्येक सिफीज के लिए वसूली तथा समाधान योजना स्वयं तैयार कर सकें। भारत में और कई अन्य वित्तीय स्थिरता बोर्ड के सदस्यों के पास ऐसे अधिकार नहीं हैं। वर्तमान में वित्तीय स्थिरता बोर्ड इन अधिकारों सहित अन्य दिशानिर्देश विकसित कर रहा है। एक बार इसके पूरा हो जाने पर ये दिशानिर्देश भारतीय संदर्भ में विधाई सुधार तैयार करने में सहायक होंगे।

कार्यकारी समूह की अनुशंसाएं

33. वित्तीय क्षेत्र निर्धारण संबंधी समिति (सीएफएसए) के साथ-साथ पूर्व की कुछ अन्य समितियों ने भी यह अनुशंसा की थी कि निबीप्रगानि को बैंक समाधान प्रक्रिया में अग्रसक्रिय रूप से शामिल किए जाने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में विधिक परिवर्तनों, जिनसे संबंधित प्रयोजन से निबीप्रगानि अधिनियम में संशोधन किया जाना अपेक्षित था, की पुन: जाँच के लिए एक कार्यकारी समूह का गठन किया गया था। इस समूह ने जून 2012 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। विभिन्न पक्षों से संबंधित इसकी अनुशंसाएं, यदि कार्यान्वित की गईं, भारत की निक्षेप बीमा प्रणाली में अत्यावश्यक सुधार कर सकेंगी। निबीप्रगानि की कार्यप्रणाली में सुधार संबंधी प्रस्तावों में निक्षेप बीमा हेतु जोखिम आधारित प्रीमियम प्रारंभ करना, निक्षेप बीमा प्रीमियम की सांविधिक सीमा 30 पैसा तक बढ़ाना, वसूलियों का आनुपातिक आधार पर बंटवारा, निर्धारित अवधि के भीतर अवितरित राशि निबीप्रगानि को वापस करने को परिसमापक की बाध्यता बनाया जाना और बैंक को लाइसेंस दिए जाने के पूर्व भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ-साथ निबीप्रगानि से परामर्श करना शामिल है। निबीप्रगानि की वित्तीय मजबूती में सुधार लाने संबंधी प्रस्तावों में निबीप्रगानि की प्राधिकृत पूँजी ₹500 मिलियन से बढ़ाकर ₹10 बिलियन तक बढ़ाया जाना, निबीप्रगानि को आयकर से छूट, आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक

से असीमित तरलता समर्थन, छह माह से अधिक की अवधि के लिए अग्रिम प्रीमियम संकलित करने संबंधी निबीप्रगानि अधिनियम में प्रावधान किया जाना और निबीप्रगानि की निधियों के निवेश संबंधी क्षेत्रों में संशोधन शामिल है।

34. निबीप्रगानि की कार्यप्रणाली से संबंधित क्षेत्रों में विस्तार हेतु निदेशित प्रस्तावों में सभी श्रेणियों के बैंकों के लिए उपयुक्त बैंक समाधान ढाँचे को अपनाना है, ताकि "न्यूनतम लागत" आधारित अधिक उपयुक्त समाधान तकनीकी का प्रयोग किया जा सके और सभी श्रेणियों के बैंकों के लिए बैंकिंग व्यवसाय के समाधान हेतु एकसमान प्रक्रिया अपनाई जा सके; सहकारी समितियाँ अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकारियों के हस्तक्षेप के बिना सहकारी बैंकों को समाप्त करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सीधे निबीप्रगानि को सहकारी बैंकों का परिसमापक नियुक्त करने के लिए प्राधिकृत किया जाए; विपदाग्रस्त बैंकों की पहले से पहचान करने, समय से हस्तक्षेप करने और समाधान करने हेतु संबंधित ढाँचे में सहभागिता के साथ बैंक समाधान में निबीप्रगानि की भूमिका में वृद्धि करना; समाधान लागत और बाजार की बाधाओं को न्यूनतम करने तथा आस्तियों की अधिकतम वसूली संबंधी अधिकार; भारतीय रिज़र्व बैंक और निबीप्रगानि के मध्य सूचनाओं का आदान-प्रदान; विभिन्न अधिनियमों जैसे निबीप्रगानि अधिनियम, राज्य सहकारी समिति अधिनियम और बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम में अपेक्षित उपयुक्त संशोधन शामिल है।

35. जमाकर्ताओं की सुरक्षा में सुधार से संबंधित प्रस्तावों में कवरेज स्तर में उपयुक्त वृद्धि; आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी स्थापित करके दावों के निपटान में तेजी लाना और जमाकर्ता से संबंधित एकल ग्राहक धारणा (वियु) के लिए बैकों के साथ इंटरफेस विकसित करना; निबीप्रगानि को विधिक अधिकार देना कि वह कम से कम सेट-आफ से असंबद्ध मामलों में अग्रिम अंतरिम भुगतान करने के साथ-साथ सेट-आफ की समीक्षा कर सके तथा निक्षेप बीमा से संबंधित जागरूकता का प्रसार करना शामिल है। अंत में संगठनात्मक मामलों से संबंधित अनुशंसाओं में निबीप्रगानि को स्वायत्तता प्रदान करना; विवादों के संबंध में कार्रवाई करने के लिए निबीप्रगानि के भीतर अपीलीय प्राधिकारी का निर्माण और अन्य संगठनात्मक परिवर्तन शामिल हैं। निबीप्रगानि ने इन अनुशंसाओं के आधार पर एक कार्ययोजना तैयार की है और इस पर विचार करने और इसे कार्यान्वित करने के लिए सरकार को अग्रेषित किया है।

समाधान संबंधी वित्तीय क्षेत्र विधाई सुधार आयोग (एफएसएलआरसी) की अनुशंसाएं

36. वित्तीय क्षेत्र के विधानों के पुनर्लेखन तथा सुसंगत बनाने हेतु सरकार द्वारा स्थापित वित्तीय क्षेत्र विधाई सुधार आयोग (एफएसएलआरसी) ने मार्च 2013 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस आयोग ने भारतीय वित्तीय कोड नामक एक नया कानून बनाया है। निक्षेप बीमा और समाधान ढाँचे से संबंधित वित्तीय क्षेत्र विधाई सुधार आयोग (एफएसएलआरसी) की अनुशंसाओं का निबिप्रगानि से सीधा संबंध है।

37. आयोग ने विशेषज्ञ "समाधान निगम" स्थापित करने का सुझाव दिया है, जो घरेलू धारकों से बड़ा वादा करने वाली सभी वित्तीय फर्मों की निगरानी करेगा और इस फर्म की निवल संपत्ति शून्य के निकट (लेकिन ऋणात्मक नहीं) होने पर हस्तक्षेप करेगा। इससे वह उस वित्तीय फर्म की बंदी के लिए मजबूर कर सकेगा और छोटे उपभोक्ताओं को शोधक्षम फर्मों में अंतरित करके अथवा उनका भुगतान करके उनकी सुरक्षा करेगा। भारतीय वित्तीय प्रणाली में एक खरतनाक दरार यह है कि निबीप्रगानि एक समाधान निगम नहीं है। यह केवल बैंकों के संबंध में कार्रवाई करता है और यह अन्यथा रूप से यह वित्तीय फर्मों के अंतिम दिनों में अपनी भूमिका अदा करने में असमर्थ होता है। समाधान निगम (रिजोल्यूशन कारपोरेशन) की कमी के कारण विफल हो रही वित्तीय फर्मों की समस्या ग्राहकों, करदाताओं और सरकारी क्षेत्र की वित्तीय फर्मों के शेयरधारकों के ऊपर डाली जाती रहेगी।

38. अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम व्यवहार की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए आयोग ने एकीकृत समाधान निगम की अनुशंसा की है, जो बैंकों और बीमा कंपनियों जैसी वित्तीय फर्मों के संबंध में कार्रवाई करेगा। यह केवल बैंक निक्षेप बीमा निगम मात्र नहीं होगा। यह निगम बैंकों, बीमा कंपनियों, परिभाषित लाभ वाली भविष्यनिधि और भुगतान प्रणाली की स्वयं से चिंता करेगा। यह निगम प्रणाली की दृष्टि से महत्वपूर्ण वित्तीय फर्मों के समाधान की जिम्मेदारी भी लेगा। शीघ्र कार्रवाई किया जाना ही समाधान निगम की निर्धारक विशेषता होगी। आयोग द्वारा समाधान निगम के लिए एक जटिल विधिक उपकरण की अनुशंसा की गई है, जो कमजोर वित्तीय फर्मों को रोकने के लिए उनके शोधक्षम रहने के दौरान ही तेजी से कार्रवाई करेगा। यह समाधान निगम ग्राहकों के हित को सुरक्षित करने के लिए बिक्री, सहायता प्राप्त बिक्री,

विलय और अन्य प्रकार की व्यवस्थाओं जैसे उपकरणों का चयन करेगा।

वित्तीय संस्थाओं के लिए समाधान व्यवस्था (रिजीम) संबंधी कार्यकारी समूह

39. जनवरी 2013 में भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक कार्यकारी समूह (अध्यक्ष : श्री आनन्द सिन्हा) का गठन किया, जिसे वर्तमान समाधान व्यवस्था (रिजीम) / संपूर्ण वित्तीय क्षेत्र के ढाँचे की जाँच करनी थी और राष्ट्रीय समाधान व्यवस्था (रिजीम) / ढाँचा के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की प्रमुख विशेषताओं (केए) के मध्य के वर्तमान अंतर की पहचान करनी थी तथा सभी प्रकार के वित्तीय संस्थानों के लिए देश में गहन समाधान व्यवस्था (रिजीम) तैयार करने संबंधी अनुशंसा करनी थी। समूह के विचारार्थ विषयों में संपूर्ण वित्तीय क्षेत्र के समाधान व्यवस्था / ढाँचे के साथ-साथ वित्तीय संस्थाओं / भारत सरकार के संबंधित विनियामकों में निहित वर्तमान समाधान उपकरणों और अधिकारों की जाँच करना; राष्ट्रीय समाधान व्यवस्था (रिजीम) / ढाँचे के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की प्रमुख विशेषताओं के मध्य के वर्तमान अंतर की पहचान; प्रमुख अधिकार क्षेत्रों से संबंधित समाधान व्यवस्था (रिजीम) / प्रचलित / कार्यान्वित ढाँचे का अध्ययन करना; अपेक्षित समाधान व्यवस्था (रिजीम) के साथ-साथ क्रास-बार्डर समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए विधिक ढाँचे में किए जाने वाले परिवर्तनों की अनुशंसा करना; प्रत्याशित समयबद्धता के साथ-साथ इस संबंध में उठाए जाने वाले अगले कदम से संबंधित अनुशंसा करना और इस मामले से संगत अन्य मामले शामिल हैं।

निष्कर्ष

40. स्वस्थ और दक्ष वित्तीय प्रणाली के लिए एक प्रभावी बैंक समाधान ढाँचा आवश्यक है। भारत ने इसकी आवश्यकताओं और अंतर की पहचान करने के प्रति उचित कार्रवाई की है और विश्वसनीय बैंक समाधान ढाँचा तैयार करने के लिए सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है और यथाशीघ्र इसका हल निकलने की आशा है।

संदर्भ:

1. समाधान व्यवस्था (रिजीम) की विषयगत समीक्षा : समकक्ष समीक्षा रिपोर्ट, वित्तीय स्थिरता बोर्ड, अप्रैल 2013
2. वित्तीय संस्थाओं के लिए प्रभावी समाधान व्यवस्था (रिजीम) की प्रमुख विशेषताएं, वित्तीय स्थिरता बोर्ड, अक्तूबर 2011
3. भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर का एफएसएलआरसी के संबंध में प्रस्तुतीकरण, अप्रैल 2012
4. निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 में संशोधन सहित निक्षेप बीमा में सुधार संबंधी कार्यकारी समूह की रिपोर्ट, जून 2012
5. बैंक समाधान ढाँचा : भारतीय संदर्भ में चुनौतियाँ, डॉ. दुव्वुरी सुब्बाराव, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक का आईएडीआई-निबीप्रगानि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण, नवंबर 2011
6. वित्तीय क्षेत्र विधाई सुधार आयोग की रिपोर्ट, मार्च 2013

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

[निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत]

भाग I : परिचालन और कार्यपद्धति

1.1 बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण / पंजीकरण रद्द करना

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत बैंकों की संख्या 2,167 है, जिसमें 89 वाणिज्यिक बैंक, 67 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), 4 स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) और 2,007 सहकारी बैंक शामिल हैं। 1962 में योजना के प्रारंभ होने से लेकर अब तक निगम द्वारा पंजीकृत बैंकों की संख्या का वर्षवार विवरण तथा सहकारी बैंकों के वर्गवार और राज्यवार विवरण ***संलग्नक I और II*** में दिए गए हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान 2 वाणिज्यिक बैंक और 10 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया और 25 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 19 सहकारी बैंकों को विपंजीकृत किया गया, जिसके विवरण ***संलग्नक III*** में दिए गए हैं।

1.2 निक्षेप बीमा योजना का विस्तार

इस समय निगम द्वारा निक्षेप बीमा के अंतर्गत सभी स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों को और सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित सहकारी बैंकों को शामिल किया गया है। तथापि केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में कोई सहकारी बैंक नहीं है।

1.3 बीमाकृत जमाराशियाँ

वर्ष 2011-12 और 2012-13 के अंत तक निगम द्वारा बीमाकृत खातों की संख्या, जमाराशि तथा जमाकर्ताओं को दी जाने वाली सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा सारणी 1 में दिया गया है।

निक्षेप बीमा के प्रारंभ से जमाकर्ताओं को प्रदान की गई सुरक्षा की सीमा और पिछले तीन वर्षों के लिए बैंक श्रेणी-वार अलग-अलग आँकड़े क्रमश: ***संलग्नक IV और V*** में प्रस्तुत किए गए हैं। विभिन्न वर्षों में जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा चार्ट 1 में दिया गया है। ₹1,00,000 का वर्तमान बीमा कवर का स्तर 31 मार्च, 2013 के प्रति व्यक्ति आय का 1.45 गुना था।

1.4 निक्षेप बीमा प्रीमियम

1.4.1 वर्ष 2011-12 और 2012-13 के दौरान बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (अतिदेय प्रीमियम पर उपचित ब्याज सहित) का श्रेणीवार विवरण सारणी 2 में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष के दौरान

सारिणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ *

विवरण		वर्ष के अंत में	
		2012-13	**2011-12**
1	खातों की कुल सं. (मिलियन में)	1,481.75	1,073.00
2	पूर्णतया संरक्षित खाते (मिलियन में)	1,393.08	996.00
3	1 की तुलना में 2 का प्रतिशत	94.0	92.8
4	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	66,210.60	57,674.00
5	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	21,583.65	19,043.00
6	4 की तुलना में 5 का प्रतिशत	32.6	33.0

* पिछले वर्ष के सितंबर के अंतिम कार्यदिवस के रिटर्नों पर आधारित

चार्ट 1 : जमाकर्ताओं को दिए गए सुरक्षा का विस्तार



चार्ट 2 : निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित अनुपात (आरआर)



बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (सेवाकर को छोड़कर) में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹ मिलियन में)

वर्ष	स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2012-13	53,019	4,163	57,182
2011-12	52,591	3,807	56,397

1.4.2 विलंब से प्राप्त प्रीमियम पर दण्ड ब्याज

निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा। साथ ही, निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 की धारा 20 के अनुसार ब्याज की दर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत पर तय की गई है। वर्ष 2012-13 के दौरान 19 अप्रैल, 2012 को बैंक दर 9.50 प्रतिशत से घटाकर 9.00 प्रतिशत और 20 मार्च, 2013 को पुन: घटाकर 8.50 प्रतिशत कर संशोधित कर दी गई। तदनुसार उक्त अवधि के दौरान दण्ड ब्याज की दर को 17.00 प्रतिशत से घटाकर 16.50 प्रतिशत करके संशोधित कर दिया गया।

1.5 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का प्रमुख स्रोत बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किया गया प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों से प्राप्त कूपन आय (और इसके पुनर्निवेश से) है। इसके साथ ही इसमें परिसमापक / प्रशासक / अंतरिती बैंकों से वसूल की गई छोटी सी राशि का अंतर्प्रवाह (इनफ्लो) भी होता है। इस प्रकार निगम प्रतिवर्ष व्यय से ज्यादा आय को अंतरित करके अपनी निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का निर्माण करता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन / पुनर्निमाण / समामेलन आदि के अधीन बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि का आकार ₹308,554 मिलियन के अधिशेष के सहित (31 मार्च, 2012 के ₹300,930 मिलियन की तुलना में बढ़कर) ₹361,203 मिलियन हो गया है, जिसका आरक्षित अनुपात (बीमित जमाराशि की तुलना में निक्षेप बीमा निधि का अनुपात) 1.7 प्रतिशत है। 2000-01 से आरक्षित अनुपात की प्रवृत्ति दर्शाने वाला चार्ट 2 प्रस्तुत है।

1.6 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

वर्ष 2012-13 के दौरान, निगम ने 63 सहकारी बैंकों (15 मूल दावे और 154 अनुपूरक दावे) से संबंधित ₹1,998 मिलियन के कुल दावों का निपटान किया जैसा कि ***संलग्नक VI*** में दर्शाया गया है। वाणिज्यिक बैंकों की ओर से कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया।





चार्ट 3 : 2012-13 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावे और विफल बैंकों की संख्या

चार्ट 4 : निपटाए गए दावों तथा वसूली की संचयी राशि

(31 मार्च, 2013 की स्थिति)

2012-13 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ विफल बैंकों की संख्या का विवरण चार्ट 3 में दर्शाया गया है। इसमें गुजरात और महाराष्ट्र के बैंकों के दावों की संख्या अधिक है।

ऐसे 195 बैंकों के जमाकर्ताओं के संभाव्य दावों की देयताओं के लिए ₹10,041 मिलियन का प्रावधान किया गया है, जो समामेलन / समापनाधीन हैं तथा बैंकिंग कारोबार जारी रखने के लिए जिनका लाइसेंस / लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रद्द / अस्वीकृत कर दिया गया है।

वर्ष 2012-13 के दौरान निगम ने लंबे समय से विचाराधीन दावों के निपटान हेतु कुछ कदम उठाए हैं। परिणामस्वरूप विचाराधीन दावों (जिनमें परिसमापन-आदेश जारी करने के बावजूद परिसमापक द्वारा निगम में दावा सूची प्रस्तुत नहीं की गई) में कमी प्रदर्शित हुई, जो 31 मार्च, 2012 के कुल 32 विचाराधीन दावों के स्थान पर 31 मार्च, 2013 को कम होकर 25 हो गई। इस प्रकार वर्ष के दौरान लगभग 19 प्रतिशत की गिरावट हुई। वर्ष के दौरान निगम ने बेलगाम कैथोलिक को-ऑपरेटिव बैंक लि., जिसका पुणे पिपल्स को-ऑपरेटिव बैंक लि. में विलय कर दिया गया है, के प्रावधान को रिवर्स कर दिया है। परिसमापनाधीन बैंकों का अवधि-वार विवरण, जहाँ परिसमापक द्वारा दावा सूची अभी भी प्रस्तुत किया जाना शेष है, सारणी 3 में दिया गया है।

दावा निपटान की औसत अवधि में निर्णायक कमी हुई और यह 2011-12 के 52 दिनों से घटकर 2012-13 में 27 दिन हो गई (सारणी 4)।

सारिणी 4 : दावों के निपटान में लगने वाली औसत अवधि

वित्तीय वर्ष	दावों के निपटान में लगने वाले औसत दिन
2012-13	27
2011-12	52
2010-11	49
2009-10	54
2008-09	43

सारिणी 3 : अवधि-वार अनिर्णीत दावों का विवरण

विचाराधीन दावे	अवधि-वार विवरण				
	10 वर्ष से अधिक पुराने	5-10 वर्ष पुराने	1-5 वर्ष पुराने	1 वर्ष से कम पुराने	दावों की कुल संख्या
मार्च 2013 की स्थिति	7	5*	9	4	25
मार्च 2012 की स्थिति	1	10	12	9	32

* एक बैंक को को-आपरेटिव सोसाइटी में परिवर्तित कर दिया गया है।

1.7 निपटाए गए दावे / प्राप्त चुकौतियाँ (संचयी स्थिति)

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार, निक्षेप बीमा के आरंभ से 27 वाणिज्यिक बैंकों के संबंध में प्रदत्त और प्रावधानीकृत दावों की संचयी राशि ₹2,959 मिलियन थी (चार्ट 4)। वाणिज्यिक बैंकों के मामले में, परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹1,480 मिलियन (2012-13 वर्ष के दौरान प्राप्त ₹89 मिलियन सहित) की संचयी चुकौतियाँ प्राप्त हुईं।

योजना के प्रारंभ होने से 317 सहकारी बैंकों से ₹42,086 मिलियन की संचयी राशि (वर्ष 2012-13 के दौरान ₹1,998 मिलियन की प्रदत्त राशि सहित) के दावे की राशि का भुगतान / प्रावधान किया गया। सहकारी बैंकों के मामले में परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹8,402 मिलियन (वर्ष 2012-13 के दौरान प्राप्त ₹2,042 मिलियन सहित) की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। 31 मार्च, 2013 तक बैंकों के दावों के भुगतान / प्रावधान की गई राशि तथा बट्टे खाते में डाली गई राशि और प्राप्त चुकौतियाँ आदि के संबंध में स्थिति का ब्यौरा ***संलग्नक VII*** में दिया गया है।

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार बैंकों के निपटाए गए दावों के लिए किए गए प्रावधानों को ***संलग्नक VIII*** में दर्शाया गया है। 1999 से निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ परिसमापित बैंकों की संख्या चार्ट 5 में दर्शाई गई है।

1.8 कोर्ट - मामले

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार, निगम की निक्षेप बीमा गतिविधियों के संबंध में विभिन्न कोर्टों में विचाराधीन कोर्ट-मामलों की संख्या 193 है, जो 31 मार्च, 2012 को 188 थी। 193 मामलों में से 32 मामले निगम की ओर से दायर किए गए हैं और 161 निगम के विरुद्ध दायर किए गए हैं। न्यायालय-वार अलग-अलग आँकड़े चार्ट 6 में दर्शाए गए हैं।

वर्ष 2001-02 से कोर्ट-मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस तरह के मामलों की संख्या 31 मार्च, 2002 के 10 मामले से बढ़कर 31 मार्च, 2013 को 193 हो गई है (सारणी 5)। ऐसा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के अंतर्गत बड़ी संख्या में बैंकों को निदेशों के अंतर्गत रखने अथवा परिसमापन करने के परिणामस्वरूप

चार्ट 5 : पे-आउट और परिसमापित बैंकों की संख्या



चार्ट 6 : न्यायालय वार अलग-अलग मामले
(31 मार्च, 2013 की स्थिति)



सारिणी 5: कोर्ट मामलों की संख्या

मार्च के अंत में	2013	2012	2011	2010	2009	2008	2007	2006	2005	2004	2003
मामलों की सं.	193	188	201	174	122	124	128	126	126	89	66

जमाराशियों को निकालने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण हुआ है। जमाराशि का भुगतान न मिलने पर असंतुष्ट जमाकर्ता उपभोक्ता न्यायालय में चले जाते हैं और मुकदमा चलाकर निगम को प्रतिवादियों में से एक प्रतिवादी बना देते हैं। कभी-कभी ऐसे मामले बैंकों का परिसमापन होने के पहले अथवा परिसमापक द्वारा दावा सूची प्रस्तुत करने के पहले, जहाँ जमाकर्ताओं को कोई भी राशि देने के लिए निगम उत्तरदायी नहीं है; दाखिल किए जाते हैं। मुख्यत: ये मामले निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य राशि से अधिक राशि अथवा निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 21 के साथ पठित निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 22 के अंतर्गत निगम के अधिमान्य चुकौती अधिकार के विरुद्ध विवाद और बैंकों को निदेश आदि के अंतर्गत रखे जाने की स्थिति में दावों के संबंध में दायर किए जाते हैं।

1.9 ऋण गारंटी योजनाएं

31 मार्च, 2013 तक कोई भी ऋण (क्रेडिट) संस्था निगम की ऋण गारंटी योजना में सहभागी नहीं थी, अत: निगम की किसी भी ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत 2012-13 के दौरान कोई भी दावा प्राप्त नहीं हुआ। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ तथा किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया (***संलग्नक IX)***।

वर्ष 2012-13 के दौरान लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 (एसएलजीएस 1971) के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर पिछले वर्ष के ₹2.2 मिलियन की तुलना में ₹0.9 मिलियन की वसूली की गई। लघु ऋण (एसएसआई) गारंटी योजना, 1981 (एसएल (एसएसआई) जीएस 1981) के अंतर्गत पिछले वर्ष के ₹1.00 मिलियन के मुकाबले इस वर्ष ₹0.8 मिलियन की वसूली की गई।

भाग II : हाल में की गई नीतिगत पहल

2.1 निक्षेप बीमा दावों का शीघ्र निपटान

परिसमापकों द्वारा दावों की सूची प्रस्तुत कर देने के दो महीने के अंदर निक्षेप बीमा दावों का निपटान करने की सांविधिक आवश्यकता का निगम बहुत कड़ाई से पालन करता रहा है। तथापि, यह देखा गया है कि कुछ मामलों में परिसमापक लंबी अवधि तक दावा सूची प्रस्तुत नहीं करते हैं, जबकि निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) के अनुसार यह सूची तीन महीने के अंदर प्रस्तुत करना अपेक्षित है। अत: निगम ने पुराने दावों का शीघ्र निपटान करने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त निगम को उपयुक्त प्राधिकारियों का सहयोग मिला जिसके परिणामस्वरूप विचाराधीन मामलों में निर्णायक रूप से कमी आई है और 31 मार्च, 2012 के 32 की तुलना में 31 मार्च, 2013 को यह 25 रह गया है।

2.2 सरकारी क्षेत्र के बैंकों के साथ "एजेंसी बैंक" की व्यवस्था के माध्यम से जमाकर्ताओं को सीधे भुगतान

निगम परिसमापकों के माध्यम से जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान करता है। कुछ उपभोक्ता संरक्षण मंचों से प्राप्त सुझावों और जमाकर्ताओं के हित में निगम ने जमाकर्ताओं को भुगतान करने के तरीके की समीक्षा की। अत: परिसमापनाधीन बैंकों के जमाकर्ताओं को उनकी बीमाकृत निधियों तक त्वरित पहुँच (एक्सेस) उपलब्ध कराने और ई-अभिशासन (गवर्नेंस) की अपनी नीति के अनुसरण में निगम द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि कुछ सरकारी क्षेत्र के बैंकों के साथ की गई "एजेन्सी" व्यवस्था के माध्यम से सीधे जमाकर्ताओं को उनके निपटाए गए दावों का भुगतान किया जाए। इस योजना के अंतर्गत जमाकर्ताओं के शतप्रतिशत कवरेज को सुनिश्चित करने के लिए ये भुगतान एजेंसी बैंकों द्वारा निम्नलिखित दो प्रकार से किए जाएंगे :-

i. जिनके खाते बैंक में अनुरक्षित हैं, उन्हें कोर बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से सीधे प्रेषण।

ii. जिनके खाते किसी अन्य बैंक में अनुरक्षित हैं, उन्हें राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण (एनईएफटी) के माध्यम से प्रेषण।

जमाराशि के इलेक्ट्रानिक भुगतान के लिए सभी आवश्यक सूचनाओं सहित दावा सूची तैयार करके परिसमापक निगम को अपना सपोर्ट उपलब्ध करना जारी रखेंगे। वर्ष 2012-13 के दौरान यह योजना महाराष्ट्र के दो बैंकों में और गुजरात के एक बैंक में पाइलट आधार पर कार्यान्वित की गई है और यथासमय अन्य राज्यों में इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

2.3 अनुपूरक दावों का प्रस्तुतीकरण – "सावधि विधि खंड (सनसेट क्लाज)"

अप्रैल 2007 से पूर्व परिसमापनाधीन बैंक में अनुरक्षित संयुक्त खातों (ए बी और बी ए) को "समान क्षमता और समान अधिकार" वाला मानकर एक खाते के रूप में मिला दिया गया था और निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 16(1) में निर्धारित सीमा (₹0.1 मिलियन) के अधीन निबीप्रगानि द्वारा दावे की राशि का निपटान किया गया था। 26 अप्रैल, 2007 से इन खातों को "भिन्न क्षमता तथा भिन्न अधिकार" वाला खाता माना गया तथा ऐसे प्रत्येक खाते को एक अलग खाता मानकर दावों का निपटान किया गया है। इन संशोधित दिशानिर्देशों के कारण उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त दावों, जिन्हें बैंक के परिसमापकों द्वारा अनुपूरक दावों के रूप में प्रस्तुत किया गया था, का निगम द्वारा समय-समय पर निपटान किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 26 अप्रैल, 2007 के पूर्व परिसमापनाधीन बैंकों को भी इसका लाभ प्रदान किया गया था।

अनुपूरक दावों के निपटान संबंधी इन दिशानिर्देशों की समीक्षा करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि 26 अप्रैल, 2007 के पूर्व से 31 मार्च, 2013 तक परिसमापनाधीन सहकारी बैंकों में ए बी / बी ए आधार पर अनुरक्षित संयुक्त खातों से संबंधित अनुपूरक दावों को परिसमापकों द्वारा प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। 31 मार्च, 2013 की समय सीमा के उपरांत प्रस्तुत ऐसे किसी अनुपूरक दावे पर निगम द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। इससे संबंधित प्रेस प्रकाशनी को निगम तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर भी रखा गया है। साथही फरवरी 2013 में इसे समाचार के रूप में बिजनेस स्टैंडर्ड और विज्ञापन के रूप में पूरे देश के प्रमुख समाचारपत्रों में प्रकाशित कराया गया था।

2.4 राज्य सरकार के प्रधान सचिव (सहकारिता) तथा सहकारी समितियों के पंजीयकों के साथ बैठकें और परिसमापकों के लिए कार्यशाला

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम के कार्यपालक निदेशक, शहरी बैंक विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रभारी कार्यपालक निदेशक और पाँच राज्यों जैसे : कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र, जिनके अंतर्गत अधिकतर परिसमापित शहरी सहकारी बैंक आते हैं, के प्रधान सचिव, सहकारिता / सहकारी समितियों के पंजीयकों के मध्य उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें निगम ने परिसमापित शहरी सहकारी बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों का निपटान किया। इन बैठकों के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे : अवितरित राशि की वापसी, स्टेटमेंट / रिटर्न निगम को प्रस्तुत न करना / विलंब से प्रस्तुत करना, परिसमापन की धीमी प्रक्रिया और परिसमापित शहरी सहकारी बैंकों द्वारा वसूली की राशि में से निगम के हिस्से की राशि की चुकौती न करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

उच्च स्तरीय बैठकों के साथ-साथ इन राज्यों में बैंकों के परिसमापकों के लिए भी कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें उन्हें रिटर्न / स्टेटमेंट समय से प्रस्तुत करने के महत्व से अवगत कराया गया ताकि निगम परिसमापन की प्रक्रिया की निगरानी कर सके। परिसमापकों पर यह भी जोर दिया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अवितरित राशि वापस कर दें तथा परिसमापन की प्रक्रिया के दौरान उनके द्वारा वसूल की गई राशि में से निगम की बकाया राशि की चुकौती करें।

2.5 शैक्षिक ऋण के लिए ऋण गारंटी योजना

केंद्र सरकार के वर्ष 2012-13 के बजट में की गई घोषणा के अनुसरण में अगस्त 2012 में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शैक्षिक ऋण और व्यावसायिक पाठ्यक्रम / कौशल विकास संबंधी ऋणों के लिए ऋण गारंटी योजना परिचालित / कार्यान्वित करने के लिए निबीप्रगानि को सूचित किया गया। इसके जबाब में निगम ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बैंक मैनेजमेंट (एनआईबीएम), पुणे को इस संबंध में बैंकों का अध्ययन करने तथा बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे शैक्षिक ऋण और व्यावसायिक पाठ्यक्रम / कौशल विकास संबंधी ऋणों के लिए व्यावहारिक ऋण गारंटी योजना संबंधी योजना तैयार करने का कार्य सौंपा। इस योजना का प्रारूप लगभग तैयार है और निबीप्रगानि द्वारा शीघ्र ही इसे अंतिम स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

भाग III : लेखों का स्टेटमेंट [4]

3.1 बीमा देयताएं

(क) वर्ष 2012-13 के दौरान, बीमा दावों के रूप में ₹1,997.67 मिलियन (पिछले वर्ष ₹2,873.12 मिलियन) का भुगतान किया गया, जो 30.57 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। 31 मार्च, 2013 के अनुसार बकाया निक्षेप बीमा दावों के रूप में सुनिश्चित देयताएं ₹9,053.29 मिलियन (31 मार्च, 2012 को ₹6,885.46 मिलियन) अनुमानित की गई थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 22.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हैं।

(ख) समीक्षाधीन वर्ष के अंत में **निधि शेष (*अर्थात्* बीमांकिक देयता)** अनुमोदित बीमांकक मेसर्स के.ए.पंडित एंड कं. के निर्धारण के अनुसार ₹52,649.60 मिलियन (₹47,677.60 मिलियन) रहा।

(ग) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के संबंध में कोई संभाव्य दावा देयता नहीं है।

3.2 वर्ष के दौरान राजस्व

(क) वर्ष 2012-13 के दौरान, **निक्षेप बीमा निधि में** कर-पूर्व **राजस्व अधिशेष** पिछले वर्ष ₹60,009.43 मिलियन था, इसमें ₹26,255.81 मिलियन की वृद्धि हुई और अब यह ₹86,265.24 मिलियन हो गया अर्थात् लगभग 43.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसका प्रमुख कारण प्रीमियम आय में ₹3,466.61 मिलियन की वृद्धि, निवेशों से होने वाली आय में ₹4,150.72 मिलियन की वृद्धि, राजस्व के रूप में प्रभारित (चार्ज्ड) निवल बीमांकिक देयता में ₹4,969.60 मिलियन की कमी, निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹13,422.71 मिलियन के प्रतिलेखन और वसूली में ₹1,310.28 मिलियन की वृद्धि के साथ-साथ निवल दावों में ₹630.92 मिलियन की वृद्धि और आयकर वापसी संबंधी ब्याज में ₹433.17 मिलियन की कमी रही है।

(ख) वर्ष 2012-13 के दौरान **ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) में** कर-पूर्व **राजस्व अधिशेष** में पिछले वर्ष की तुलना में ₹197.38 मिलियन अर्थात् 113.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा यह पिछले वर्ष के ₹173.23 मिलियन की तुलना में ₹370.61 मिलियन हो गया। यह वृद्धि प्रमुख रूप से निवेशों से होने वाली आय में ₹16.27 मिलियन की वृद्धि, निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹185.58 मिलियन के प्रतिलेखन के साथ-साथ आयकर वापसी संबंधी ब्याज में ₹2.90 मिलियन की कमी के कारण हुई है।

(ग) समीक्षाधीन वर्ष के दौरान **सामान्य निधि (जीएफ)** में कर-पूर्व **राजस्व अधिशेष** पिछले वर्ष के ₹0.63 मिलियन की तुलना में काफी अधिक अर्थात् ₹397.89 मिलियन रहा। इस वृद्धि का प्रमुख कारण निवेशों से होने वाली आय में ₹115.77 मिलियन की वृद्धि, स्टाफ कास्ट में ₹4.34 मिलियन की कमी और निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹276.60 मिलियन का प्रतिलेखन रहा है।

3.3 संचित अधिशेष

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में संचित अधिशेष / रिज़र्व (कर के बाद) क्रमश: ₹308,553.81 मिलियन (₹253,252.71 मिलियन), ₹3,250.95 मिलियन (₹3,000.61 मिलियन) तथा ₹4,573.30 मिलियन (₹4,303.15 मिलियन) था।

3.4 निवेश

वर्ष के अंत में तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में निवेशों का बही मूल्य (लागत पर) क्रमश: ₹374,992.06 मिलियन (₹320,203.69 मिलियन), ₹3,941.86 मिलियन (₹3,803.97 मिलियन) और ₹5,455.01 मिलियन (₹5,410.09 मिलियन) रहा है। 31 मार्च, 2013 को

[4] कोष्ठक में दिए गए आँकड़े पिछले वर्ष के हैं।

उक्त तीनों निधियों की दिनांकित प्रतिभूतियों का संचित मूल्यह्रास क्रमश: ₹5,226.96 मिलियन (₹13,662.60 मिलियन); ₹406.56 मिलियन (₹495.20 मिलियन) तथा ₹466.78 मिलियन (₹631.50 मिलियन) था। निवेशों के मूल्यह्रास के प्रतिलेखन के कारण निवेश रिज़र्व में गिरावट आई है।

3.5 कराधान

3.5.1 आयकर

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के अग्रिम आयकर खाते में संचित शेष क्रमश: ₹90,152.58 मिलियन (₹60,525.01 मिलियन), ₹447 मिलियन (₹303.70 मिलियन) और ₹364.19 मिलियन (₹209.46 मिलियन) है। इसी तारीख को निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के कराधान खाते में प्रावधान के लिए संचित शेष क्रमश: ₹80,640.13 मिलियन (₹52,647.06 मिलियन); ₹551.68 मिलियन (₹431.41 मिलियन) तथा ₹184.57 मिलियन (₹57.36 मिलियन) था।

3.5.2 सेवाकर

भारत सरकार ने सितंबर 2011 से निगम द्वारा एकत्रित प्रीमियम पर सेवाकर लगाया है। निगम ने यह कहते हुए सरकार को एक अभ्यावेदन प्रतुत किया है कि निगम पर सेवाकर नहीं लगाया जाना चाहिए। इस संबंध में मार्च 2012 में अंतिम स्पष्टीकरण यह प्राप्त हुआ कि निगम सेवाकर अदा करने के लिए जिम्मेदार है। तदनुसार सेवाकर संबंधी पंजीकरण कराया गया तथा निगम ने 1 अक्तूबर, 2011 से देय प्रीमियम पर सेवाकर अदा करना प्रारंभ कर दिया है। सरकार को अदा किए गए अधिक सेवाकर की राशि को सेवाकर वापसीयोग्य (रिफंडेबल) खाते में प्रदर्शित किया गया है। वापसीयोग्य कुल राशि ₹357.41 मिलियन रही, जिसमें वर्ष 2012-13 की ₹139.03 मिलियन तथा वर्ष 2011-12 की ₹218.38 मिलियन की राशि सम्मिलित है।

भाग IV : खजाना परिचालन

4.1 निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार निगम अपनी अधिशेष (सरप्लस) राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करता है। 31 मार्च, 2013 को निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार ₹384.39 बिलियन रहा। इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹54.97 बिलियन (16.69 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित हुई। वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो जेनरेटेड कूपन यील्ड 7.99 प्रतिशत रहा। निवेश में मूल्यह्रास को समायोजित करने के उपरांत वर्ष 2012-13 का पोर्टफोलियो का टाइम वेटेड एवरेज रिटर्न 11.96 प्रतिशत रहा।

4.2 केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न (डेरिवेटिव्ज) संघ - फिम्डा (एफआईएमएमडीए) द्वारा प्रकाशित माडल प्राइस के आधार पर किया जाता है। यद्यपि मूल्यवृद्धि (ऐप्रीसिएशन) को नजरंदाज कर दिया गया है तथापि मूल्यह्रास के लिए पूरी तरह प्रावधान किया गया है तथा इसे निवेश रिजर्व (आईआर) के अंतर्गत बुक किया गया है। 31 मार्च, 2013 को निवेश रिजर्व (आईआर) का शेष (बैलेंस) ₹6.10 बिलियन था। पुन: निगम बाजार जोखिम के विरुद्ध कुशन के रूप में निवेश उच्चावचन रिजर्व (आईएफआर) अनुरक्षित करता है। 31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार ₹14.78 बिलियन के बाजार जोखिम (स्टैंडराइज्ड ड्युरेशन मेथड से परिकलित) के विरुद्ध आईएफआर में ₹15.12 बिलियन की राशि अनुरक्षित थी। 31 मार्च, 2013 को पोर्टफोलियो का माडीफाइड ड्युरेशन 5.99 था।

भाग V : संगठनात्मक मामले

5.1 निदेशक मंडल

निगम की सामान्य निगरानी, निदेश तथा कार्यों और कारोबार का प्रबंधन निदेशक बोर्ड में निहित है, जो सभी शक्तियों का प्रयोग करता है और ऐसे सभी कार्य व कारोबार करता है, जो निगम कर सकता है।

5.1.1 निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 6 के अनुसार निगम के निदेशक बोर्ड से अपेक्षित है कि वह सामान्यत: प्रत्येक वर्ष में प्रति तिमाही एक बैठक करे। 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.1.2 निदेशकों का नामांकन / सेवानिवृत्ति

डॉ. सुबीर गोकर्ण का उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक के रूप में कार्यकाल पूर्ण होने के परिणामस्वरूप डॉ. ऊर्जित पटेल, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक को निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ए) के अंतर्गत 18 जनवरी, 2013 को निगम के बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। श्री जी. गोपालकृष्ण, कार्यपालक निदेशक के स्थान पर श्री जसबीर सिंह, कार्यपालक निदेशक, निबीप्रगानि को निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत 21 सितंबर, 2012 को निगम के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

5.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन हुआ :

1.	श्री कमलेश विकमसे	अध्यक्ष
2.	डॉ. प्रकाश बक्शी	निदेशक
3.	डॉ. शशांक सक्सेना	भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक
4.	श्री बी.एल.पटवर्धन	निदेशक
5.	श्री जसबीर सिंह	निदेशक

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.2.1 सूचना प्रौद्योगिकी समिति

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी मामलों में दिशानिर्देश के लिए दिसंबर 2011 में बोर्ड-स्तरीय उप-समिति का गठन किया गया। जिसकी वर्तमान में संरचना निम्नानुसार है :

1.	प्रो. जी.शिवकुमार	अध्यक्ष
2.	श्री कमलेश विकमसे	सदस्य
3.	श्री जी.गोपालकृष्ण	सदस्य
4.	श्री जसबीर सिंह	सदस्य
5.	डॉ. ए.एस.रामशास्त्री	आमंत्रित

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के दौरान आईटी समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.3 आंतरिक नियंत्रण

5.3.1 बजट नियंत्रण

निगम ने अपने राजस्व और व्यय पर नियंत्रण के लिए अपनी तीन निधियों, अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) और सामान्य निधि (जीएफ) के अंतर्गत नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है। निगम द्वारा निक्षेप बीमा निधि और सामान्य निधि के अंतर्गत व्यय का वार्षिक बज़ट तैयार किया जाता है, जो विविध मानदंडों पर आधारित है *जैसेकि* बीमाकृत बैंकों का लाईसेंस रद्द करना / परिसमापन करना, स्टाफ और स्थापना से संबंधित भुगतान आदि। प्रत्येक लेखा वर्ष के पूर्व बजट को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है। तीनों निधियों के अंतर्गत होने वाली प्राप्तियाँ अर्थात् प्रीमियम प्राप्ति, वसूलियाँ और निवेश आय से संबंधी अनुमानों को भी बजट में सम्मिलित किया जाता है। बज़ट किए गए व्यय और प्राप्तियों की तुलना में वास्तविक व्यय / प्राप्ति की हर तिमाही समीक्षा की जाती है।

5.3.2 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रबंध लेखापरीक्षा और प्रणाली निरीक्षण

भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग ने 24 जनवरी से 15 फरवरी, 2011 के मध्य प्रबंध लेखापरीक्षा और प्रणाली निरीक्षण 2011 का आयोजन किया। निरीक्षण दल (टीम) के पर्यवेक्षणों द्वारा वर्गीकृत 3 पैराग्राफों को "प्रमुख" में रखा गया था जिसका अनुपालन कर दिया गया है। "अन्य" 101 पैराग्राफों में से 99 का अनुपालन कर दिया गया है।

5.3.3 संगामी लेखापरीक्षा

निगम ने अपने सभी परिचालनों के लिए वर्ष 2004-05 से सनदी लेखाकार की एक फर्म द्वारा संगामी लेखापरीक्षा (ऑन साइट) की प्रणाली प्रारंभ की है। लेखापरीक्षा के प्रमुख निष्कर्षों तथा संबंधित अनुपालन को लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं।

5.3.4 नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए)

निगम ने अतिरिक्त रूप से एक नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए) फॉर्मेट (समकक्ष समीक्षा) प्रारंभ की है, जिसके द्वारा निगम के अधिकारियों से अपेक्षित है कि वे ऐसे क्षेत्रों में, जिनसे वे कार्यकारी तौर पर संबद्ध नहीं हैं, की लेखापरीक्षा जाँच करें।

5.4 प्रशिक्षण और कौशल विकास

अपने मानव संसाधन कौशल को अद्यतन रखने हेतु निगम अपने स्टाफ को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, भारत और विदेशों में आयोजित सेमिनारों, सम्मेलनों और कार्यशालाओं के लिए प्रतिनियुक्त करता है, जिन्हें अधिकतर भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों के साथ-साथ भारत और विदेश में इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ डिपाजिट इंश्योरर्स (आईएडीआई) और अन्य विदेशी निक्षेप बीमा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं। 2012-13 के दौरान 27 अधिकारी और 3 श्रेणी III स्टाफ सहित कुल 30 कर्मचारियों को भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों और भारत में बाह्य प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रतिनियुक्त किया गया। इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ डिपाजिट इंश्योरर्स (आईएडीआई) तथा अन्य निक्षेप बीमा संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम / सम्मेलन में भाग लेने के लिए 9 अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया। एक अधिकारी को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा व्यवस्थित कोलाबरेटिव मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम में प्रतिनियुक्त किया गया।

5.5 स्टाफ संख्या

निगम में संपूर्ण स्टाफ भारतीय रिजर्व बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है। निगम के कुल स्टाफ की संख्या 31 मार्च, 2012 के 88 की तुलना में 31 मार्च, 2013 को घटकर 84 रह गई। उनका श्रेणीवार विवरण निम्नलिखित है :

कुल स्टाफ में, श्रेणी I में 55 प्रतिशत, श्रेणी III में 26 प्रतिशत और शेष 19 प्रतिशत श्रेणी IV में था। 31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार कुल स्टाफ में 14.3 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 9.5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति का है (सारिणी 6)।

सारिणी 6: स्टाफ की श्रेणी-वार स्थिति

वर्ग	संख्या	जिसमें		प्रतिशत	
		अजा	अजजा	अजा	अजजा
1	2	3	4	5	6
श्रेणी I	46	6	6	13.0	13.0
श्रेणी III	22	2	1	9.0	4.5
श्रेणी IV	16	4	1	25.0	6.3
कुल	**84**	**12**	**8**	**14.3**	**9.5**

अजा - अनसूचित जाति **अजजा - अनसूचित जन जाति**

